नई दिल्ली
गुरुवार
30 नवंबर 2023
वर्ष : 01
अंक : 94
पृष्ठ : 08
मूल्य :- ₹ 3/-
TITLE CODE : DELHIN29057

दैनिक
# संपर्क दूत
संकल्प करें एक पहल की
दिल्ली से प्रकाशित हिन्दी दैनिक प्रातः कालीन समाचार पत्र

प्रशांत किशोर के जन सुराज से जुड़ी भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह
P:8



# केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पीएम जनजाति न्याय महा अभियान को मंजूरी दी

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**




केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को यह जानकारी दी। झारखंड के खूंटी में जनजातीय गौरव दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित इस योजना का कुल परिव्यय 24,104 करोड़ रुपए होगा। इसमें केंद्र का हिस्सा 15,336 करोड़ रुपए होगा और राज्य 8,768 करोड़ रुपए का योगदान देंगे।

इस योजना का उद्देश्य पक्के घर, नल से पानी की आपूर्ति और सड़कें प्रदान करना है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार रात इस योजना को मंजूरी दे दी। ठाकुर ने कहा, इस योजना से 18 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के 220 जिलों के 28,16,000 (28.16 लाख) से अधिक आदिवासी लोग लाभान्वित होंगे। इस योजना के तहत वे आदिवासी लाभार्थी होंगे जिन्हें अब तक भारत सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिला है। लाभार्थियों की पहचान कमजोर माने जाने वाले 75 आदिवासी समुदायों में से की गई है।

ठाकुर ने कहा, योजना के तहत 11 प्रमुख बिंदुओं की पहचान की गई है जिसके आधार पर उन्हें लाभ दिया जाएगा। इनमें आवास, सभी मौसम के लिए उपयुक्त सड़कें, स्वच्छ पेयजल, बिजली, मोबाइल डिस्पेंसरी और मोबाइल टावर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आजीविका के अवसर भी प्रदान किए जाएंगे। इस योजना का लक्ष्य 2.39 लाख रुपए प्रति मकान की लागत से 4.90 लाख पक्के घर उपलब्ध कराना, एक करोड़ रुपए प्रति किलोमीटर की लागत से 8,000 किलोमीटर सड़कों का निर्माण, विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) बस्तियों, समुदाय के लिए नल से पानी की आपूर्ति करना हैं।

### पीएमजीकेएवाई के तहत 81.35 करोड़ गरीबों को मुफ्त खाद्यान्न वितरण पांच साल बढ़ाया

सरकार ने 81.35 करोड़ गरीब लोगों को हर महीने पांच किलोग्राम खाद्यान्न मुफ्त देने से जुड़ी पीएमजीकेएवाई योजना को अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ा दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस संबंध में फैसला किया गया। अगले साल अप्रैल-मई में होने वाले आम चुनावों से पहले किए गए इस फैसले से सरकारी खजाने पर 11.80 लाख करोड़ रुपए का भार आएगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) को एक जनवरी, 2024 से अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ा दिया गया है। अगले पांच वर्षों में इस योजना पर करीब 11.8 लाख करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इस योजना को पहले 31 दिसंबर, 2023 तक बढ़ाया गया था। लाभार्थियों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए और लक्षित आबादी तक खाद्यान्नों की किफायती रूप से मुहैया कराते हुए खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने के लिए यह फैसला लिया गया।

### मंत्रिमंडल ने फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों को अगले तीन वर्षों तक जारी रखने की मंजूरी दी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने यौन अपराधों से जुड़े मामलों में त्वरित न्याय देने के लिए फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों को अगले तीन साल तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है। दिल्ली में निर्भया सामूहिक बलात्कार मामले के बाद 2018 में आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम पारित होने के बाद, केंद्र ने 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के तहत मामलों से निपटने के लिए 389 अदालतों समेत कुल I,023 फास्ट ट्रैक विशेष अदालतें स्थापित करने का निर्णय लिया था। इसकी शुरुआत 2019 में गांधी जयंती पर एक साल के लिए की गई थी और बाद में इसे इस साल 31 मार्च तक अतिरिक्त दो साल के लिए बढ़ा दिया गया था। एक अधिकारी ने पूर्व में कहा था कि केंद्र के प्रयासों के बावजूद I,023 अदालतों में से केवल 754 ही चालू थीं। कई राज्यों ने केंद्र को आश्वासन दिया था कि वे ऐसी अदालतें स्थापित करेंगे, लेकिन कई अंततः शुरू नहीं हुईं। मंत्रिमंडल ने मंगलवार को 1952.23 करोड़ रुपए के कोष के साथ इस योजना को तीन और वर्षों तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी। केंद्र का हिस्सा जहां 1207.24 करोड़ रुपए होगा, वहीं राज्य 744.99 करोड़ रुपए का योगदान देंगे।



# सीएए को लागू होने से कोई नहीं रोक सकता : शाह

**एजेंसी ■ कोलकाता**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पुरजोर शब्दों में कहा कि केंद्र सरकार संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) लागू करेगी और कोई इसे नहीं रोक सकता। शाह ने पार्टी के लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत करते हुए यहां एक बड़ी रैली को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने तुष्टीकरण, घुसपैठ, भ्रष्टाचार और राजनीतिक हिंसा जैसे मुद्दों पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। शाह ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी ने राज्य को बर्बाद कर दिया है।

शाह ने कहा कि घुसपैठ को समर्थन देने के कारण ममता बनर्जी सीएए का विरोध कर रही हैं। भाजपा नेता ने कहा कि इतनी अधिक घुसपैठ वाले राज्य में विकास नहीं हो सकता। उन्होंने लोगों से राज्य सरकार को उखाड़ फेंकने तथा अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा को चुनने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों में राज्य में भाजपा का प्रदर्शन विधानसभा चुनावों में उसकी जीत की नींव तैयार करेगा।शाह ने लोगों से कहा, 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को इतनी सीटें दीजिए कि मोदी जी कहें कि मैं बंगाल के कारण प्रधानमंत्री बना हूं।

उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी नीत तृणमूल कांग्रेस ने पिछला विधानसभा चुनाव गड़बड़ी करके जीता था, लेकिन भाजपा शून्य से 77 सीटों पर पहुंच गई। उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास के एजेंडे के अनुकूल सरकार चुनकर तृणमूल के कथित कुशासन को खत्म करने का आह्वान किया।

शाह ने आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी सरकार की ओर से भेजी गई बड़ी रकम तृणमूल कांग्रेस द्वारा संचालित सिंडिकेट के कारण राज्य के गरीबों तक नहीं पहुंच रही है। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि विभिन्न योजनाओं के तहत मौजूदा शासनकाल में राज्य को केंद्र से मिली राशि कांग्रेस नीत संप्रग सरकार की तुलना में कई गुना बढ़ गई है, जबकि ममता बनर्जी संप्रग में शामिल थीं।

### कश्मीर में न्यूनतम तापमान में गिरावट, बर्फबारी की संभावना

**श्रीनगर।** कश्मीर में न्यूनतम तापमान में कई डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है लेकिन अधिकांश स्थानों पर यह जमाव बिंदु से ऊपर रहा तथा अगले कुछ दिनों में बर्फबारी होने का अनुमान है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।कश्मीर घाटी के ऊंचाई वाले इलाकों में आगामी कुछ दिनों में हल्की से मध्यम दर्जे की बर्फबारी की संभावना है।केवल गुलमर्ग और पहलगाम के रिसॉर्ट क्षेत्र में ही न्यूनतम तापमान पिछली रात शून्य से नीचे दर्ज किया गया था। उत्तरी कश्मीर के गुलमर्ग में रात का तापमान शून्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए आधार शिविरों में से एक पहलगाम में शून्य से 1.5 नीचे दर्ज किया गया।

### जातिवार जनगणना के मुद्दे पर सपा सदस्यों ने किया सदन से बहिर्गमन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद में जातिवार जनगणना को लेकर सरकार के जवाब से असंतुष्ट होकर समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया। सपा सदस्यों ने प्रदेश में जातिवार जनगणना कराने के मुद्दे पर शून्य काल के दौरान कार्य स्थगन का नोटिस दिया था।नोटिस में कहा गया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) समय-समय पर जातिवार जनगणना करने की बात कहती आ रही है लेकिन 2021 में नियमित जनगणना होने जा रही थी तो भाजपा ने जातिवार जनगणना कराए।

# मंत्रिमंडल की बैठक में सुरंग बचाव अभियान पर चर्चा हुई, प्रधानमंत्री बहुत भावुक थे: अनुराग ठाकुर

**एजेंसी ■ मुंबई**

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कहा कि मंगलवार रात को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा के बीच उत्तराखंड की सिलक्यारा सुरंग के बचाव अभियान का मुद्दा भी आया और इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बहुत भावुक थे। केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णयों के बारे में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए ठाकुर ने कहा कि पूरी सरकार अभियान में लगी थी और सभी जिंदगियों को बचाने के लिए हरसंभव प्रयास किए गए। उन्होंने कहा, मोदी सरकार और प्रधानमंत्री ने हर भारतीय की जान बचाने का और विदेशों से भी भारतीयों को सुरक्षित बचाने का हरसंभव प्रयास किया है। प्रधानमंत्री रोजाना दो बार, सुरंग में फंसे हुए श्रमिकों को बचाने के लिए किए जा रहे प्रयासों

**प्रधानमंत्री रोजाना दो बार, सुरंग में फंसे हुए श्रमिकों को बचाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में पूछते थे और यहां तक कि चुनाव प्रचार के दौरान भी ऐसा करते थे।**

के बारे में पूछते थे और यहां तक कि चुनाव प्रचार के दौरान भी ऐसा करते थे।

ठाकुर ने एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि चुनाव प्रचार के बीच में ही प्रधानमंत्री बचाव अभियान के बारे में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और अन्य स्रोतों से दिन में कम से कम दो बार जानकारी प्राप्त करते थे। उन्होंने कहा, लेकिन एक चीज जरूर सामने आई, वह है टीम भावना और नेतृत्व क्षमता, जो हमारे श्रमिकों ने भी दिखाया और उनके नेता ने भी कहा कि फंसे हुए सभी मजदूरों को बाहर निकाले जाने के बाद ही वह बाहर निकलेंगे। हमें वहां फंसे हुए मजदूरों से बहुत कुछ सीखना है।

ठाकुर ने कहा, पहले भी हमारे प्रधानमंत्री ने हमारे श्रमिकों की प्रशंसा की है, चाहे वे संसद के निर्माण में शामिल हों या कर्तव्य पथ अथवा काशी विश्वनाथ मंदिर के निर्माण में शामिल हों। यह दिखाता है कि किस तरह प्रधानमंत्री श्रमिकों के और देश के विकास में शामिल लोगों के महत्व को समझते हैं। उत्तराखंड में निर्माणाधीन सुरंग में फंस गए 41 मजदूरों को बचाने का अभियान मंगलवार रात सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सुरंग का एक हिस्सा 12 नवंबर को ढह गया था और मजदूर अंदर फंस गए थे।

### असम: उल्फा के चार उग्रवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**गुवाहाटी।** उग्रवादी संगठन यूनाइटेड लिब्रेशन फ्रंट ऑफ असोम (उल्फा-इंडिपेंडेंट) के चार सदस्यों ने असम के डीजीपी के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

इस दौरान उन्होंने कुछ हथियार तथा गोला-बारूद भी सौंपे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

डीजीपी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने उग्रवादी संगठन के सदस्यों का मुख्यधारा में स्वागत करते हुए कहा, आपको यह नहीं सोचना चाहिए कि आपने आत्मसमर्पण किया है बल्कि यह कहें कि आप सभी ने घर वापसी की है। पूर्व उग्रवादियों का नियमअनुसार पुनर्वास किया जाएगा।

### ममता ने शाह से आपराधिक-दंडात्मक कानूनों को लेकर आम सहमति बनाने का आग्रह किया



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से नए आपराधिक-दंडात्मक कानूनों को लेकर जल्दबाजी करने के बजाय सभी हितधारकों के बीच आम सहमति बनाने का बुधवार को आग्रह किया।बनर्जी ने शाह को लिखे पत्र में यह भी दावा किया कि मौजूदा आपराधिक-दंडात्मक कानूनों में बदलाव से राज व्यवस्था पर दूरगामी प्रभाव पड़ेंगे।केंद्र सरकार भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के स्थान पर तीन विधेयक क्रमशः भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लेकर आई है। बनर्जी ने शाह को लिखे पत्र में कहा, मेरा दृढ़ विश्वास है कि ए बहुत महत्वपूर्ण कानून हैं जो हमारे दंडात्मक-आपराधिक विधिशास्त्र का आधार है। ऐसे में मौजूदा आपराधिक-दंडात्मक संबंधी कानूनों में प्रस्तावित बदलाव और उनके स्थान पर नए कानून लाने का हमारी राज व्यवस्था पर दूरगामी दीर्घकालिक प्रभाव पड़ना तय है।

## मणिपुर: यूएनएलएफ ने सरकार के साथ किया शांति समझौता

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

मणिपुर में सक्रिय उग्रवादी समूह यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) ने बुधवार को सरकार के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए और हिंसा त्यागने पर सहमति जताई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यहां इसकी घोषणा की। यूएनएलएफ मणिपुर की इंफाल घाटी में सक्रिय सबसे पुराना सशस्त्र समूह है।

अमित शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की गई। पूर्वोत्तर में स्थाई शांति स्थापित करने के मोदी सरकार के अथक प्रयासों में एक नया अध्याय जुड़ गया है क्योंकि यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट ने आज नई दिल्ली में एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। मणिपुर की घाटी में सक्रिय सबसे पुराना सशस्त्र समूह यूएनएलएफ हिंसा त्यागकर मुख्यधारा में शामिल होने पर सहमत हो गया है। मैं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में उनका स्वागत करता हूं और शांति और प्रगति के पथ पर उनकी यात्रा के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

शाह ने कहा कि भारत सरकार और मणिपुर सरकार द्वारा यूएनएलएफ के साथ किया गया शांति समझौता छह दशक लंबे सशस्त्र संघर्ष के अंत का प्रतीक है। उन्होंने कहा, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सर्व-समावेशी विकास के दृष्टिकोण को साकार करने और पूर्वोत्तर भारत में युवाओं को बेहतर भविष्य प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

## माहौल से लग रहा कांग्रेस सरकार रिपीट होगी: गहलोत

**एजेंसी ■ जयपुर**

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को कहा कि लोगों की प्रतिक्रिया और राज्य के माहौल से लग रहा है कि राज्य में एक बार फिर कांग्रेस की सरकार बनेगी। राज्य की 200 में से 199 विधानसभा सीटों के लिए 25 नवंबर को चुनाव हुआ था और मतों की गिनती तीन दिसंबर को होगी। कांग्रेस उम्मीदवार के निधन के कारण करणपुर सीट पर चुनाव स्थगित कर दिया गया है।विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को कितनी सीटें मिलने की उम्मीद है यह पूछे जाने पर गहलोत ने यहां संवाददाताओं से किसी तरह का कयास लगाने से इनकार किया।



उन्होंने कहा, ए मैं नहीं कह सकता कि कांग्रेस कितनी सीटें जीतेगी... मैं कभी गणना नहीं करता हूं। लेकिन मोटे तौर पर मुझे माहौल अंडर करंट (सरकार के पक्ष में माहौल) वाला लग रहा है। जो प्रतिक्रियाएं आ रही हैं उससे अंदाजा है कि (लोगों का) इस बार सरकार रिपीट करने का मन है। दिल्ली रवाना होने से पहले गहलोत ने कहा, माई-बाप तो जनता ही होती है। उनका फैसला पूरी नम्रता से स्वीकार करेंगे।

गहलोत ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राजस्थान में आक्रामक प्रचार करने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों समेत पार्टी के नेताओं पर भड़काऊभाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने कन्हैया लाल हत्याकांड का मुद्दा उठाया। गहलोत ने अपना आरोप दोहराया कि इस हत्याकांड में शामिल लोग भाजपा से जुड़े हुए थे। कांग्रेस नेता ने कहा कि राजस्थान पुलिस ने घटना के दो घंटे के भीतर हत्या के आरोपियों को पकड़ लिया लेकिन भाजपा नेताओं ने इसकी बात नहीं की।

गहलोत ने कहा कि कांग्रेस ने यह विधानसभा चुनाव विकास और शासन के मुद्दे पर लड़ा।

## न्यायालय राज्यपाल की तरफ से विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजने की समय-सीमा पर करेगा विचार

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**



उच्चतम न्यायालय ने केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के राज्य विधानमंडल की ओर से पारित विधेयकों को दो साल तक दबाए रखने पर अप्रसन्नता जताते हुए बुधवार को कहा कि वह यह दिशा-निर्देश तय करने पर विचार करेगा कि राज्यपाल मंजूरी के लिए विधेयकों को राष्ट्रपति के पास कब तक भेज सकते हैं। उच्चतम न्यायालय ने इस बात का संज्ञान लिया कि केरल के राज्यपाल ने आठ विधेयकों पर निर्णय ले लिया है। न्यायालय ने इसके साथ ही राज्यपाल से मुख्यमंत्री पिनराई विजयन तथा मंत्री से मुलाकात करके विधेयकों पर चर्चा करने का निर्देश दिया और उम्मीद जताई कि किसी राजनीतिक दूरदर्शिता से काम लिया जाएगा।

प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने राज्यपाल कार्यालय की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी की दलीलों पर गौर किया कि आठ विधेयकों में से सात को राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखा गया है जबकि एक को खान ने मंजूरी दे दी है।

पीठ में न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। पीठ ने पूछा, राज्यपाल दो साल तक विधेयकों को दबाकर क्या कर रहे थे। अटॉर्नी जनरल ने कहा कि वह विस्तार में नहीं जाना चाहते क्योंकि ऐसा करने से कई सवाल उठ जाएंगे। पीठ ने कहा, हम इसमें बहुत गहराई से जाएंगे। इसने कहा, यह संविधान के प्रति हमारी जवाबदेही के बारे में है और लोग हमसे इसके बारे में पूछते हैं। शीर्ष न्यायालय ने इस बीच राज्य सरकार को विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को समयबद्ध तरीके से मंजूरी देने या अस्वीकार करने के लिए राज्यपालों को दिशानिर्देश जारी करने संबंधी अपनी याचिका में संशोधन करने की अनुमति दी।

पीठ ने कहा, हम रिकॉर्ड करेंगे कि राज्यपाल, मुख्यमंत्री और प्रभारी मंत्री दोनों से चर्चा करेंगे...।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, उम्मीद करते हैं कि राज्य में कुछ राजनीतिक दूरदर्शिता से काम लिया जाएगा।

## ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच 1,500 किलोमीटर मार्ग पर पूरी तरह स्थापित: वैष्णव

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**


स्वदेशी रूप से विकसित स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच 1,500 किलोमीटर रेल मार्ग पर पूरी तरह स्थापित कर दी गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को यह जानकारी दी। इसके साथ ही वैष्णव ने कहा कि कवच प्रणाली का दायरा बढ़ाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। वैष्णव ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, हमने 2016 में कवच प्रणाली के साथ अपनी यात्रा शुरू की थी और 2020 तक इसका प्रायोगिक कार्य, परीक्षण, संशोधन और संस्करण बढ़ाया गया। साल 2022 की शुरुआत में ही इसे बड़े पैमाने पर उत्पादन कर लगाने की शुरुआत हो गई थी। उन्होंने कहा, आज हमने 1,500 किलोमीटर लंबे मार्ग पर इस सुरक्षा प्रणाली को स्थापित कर लिया है।

## अन्न योजना: भाजपा नेताओं ने पीएम का जताया आभार

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्रियों और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को एक जनवरी 2024 से और पांच साल के लिए बढ़ाए जाने के फैसले का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस योजना के अंतर्गत देश में करीब



81 करोड़ गरीबों को पांच किलोग्राम अनाज प्रतिमाह निशुल्क दिया जाता है।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, देश के गरीबों का कल्याण हमेशा से प्रधानमंत्री मोदी की प्राथमिकता रही है और मोदी सरकार ने गरीब कल्याण के मंत्र को जमीन पर चरितार्थ करके दिखाया है। केन्द्रीय कैबिनेट द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को अगले 5 वर्ष तक जारी रखने के लिए मैं प्रधानमंत्री मोदी को हृदय से धन्यवाद देता हूं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा कहा कि गरीब कल्याण को समर्पित इस महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत 81.35 करोड़ लाभार्थियों को पांच साल मुफ्त राशन प्रदान किया जाएगा।उन्होंने कहा, देश के जरूरतमंद लोगों को खाद्य एवं पोषण सुनिश्चित कराने वाले इस संवेदनशील निर्णय के लिए मैं प्रधानमंत्री मोदी का आभार प्रकट करता हूं।

## संक्षिप्त खबरें

### रास्ते के विवाद को लेकर मारपीट करने पर पांच पर बलबा, मारपीट का केस दर्ज

**राघवेंद्र प्रताप सिंह /सहजनवा।** सहजनवा थाना क्षेत्र के नेवास में रास्ते के विवाद को लेकर कुछ लोगो द्वारा गांव की महिला और उसकी पुत्री को लाठी डंडे से पीटने पर सहजनवा पुलिस ने रविवार को पांच लोगों पर बलबा मारपीट का केस दर्ज किया है।

नेवास निवासिनी दुर्गावती देवी पत्नी अशोक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के ही कुछ लोग रास्ते के विवाद और एक मामले में हम लोग गवाह भी है इसी की रंजिश के चलते सभी ने बीते शनिवार को सभी ने पहले मुझे पीटा, फिर मेरी पुत्री को उठाकर पटक दिया। जिससे उसे गम्भीर चोट लगी। इस मामले में सहजनवा पुलिस ने नेवास निवासी जगदम्बा, पूनम, अजय, विनय, श्रीनाथ पर धारा 147, 323, 506, 504 के तहत केस दर्ज किया है।

### पुरानी रंजिश में युवक को मारपीट कर मोबाइल तोड़ा, मुकदमा दर्ज

**राघवेंद्र प्रताप सिंह /सहजनवा।** सहजनवा थाना क्षेत्र के अचियापार निवासी सूरज निषाद ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि वह रविवार को अपनी माँ को सहजनवा से वापस लेने जा रहे थे कि पुरानी रंजिश को लेकर उनके गांव के ही एक युवक ने रास्ते मे रोककर लाठी डंडो से पिट दिया। और मोबाइल तोड़ दिया।

इस मामले में सहजनवा पुलिस ने रविवार को नेवास निवासी आरोपी ज्वाला निषाद पर मारपीट, धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

### लखीमपुर खीरीः वन क्षेत्र में बाघ के हमले में एक व्यक्ति की मौत

**लखीमपुर खीरी (उप्र)।** लखीमपुर खीरी के दक्षिण वन प्रभाग के महेशपुर रेंज में सोमवार सुबह बाघ के हमले में 45 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। विभाग के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की। मृत व्यक्ति का शव शारदा नहर शाखा के पास से बरामद किया गया, जहां बाघ और तेंदुए की उपस्थिति बताई गई है। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र दक्षिण खीरी वन प्रभाग के महेशपुर रेंज के जंगलों के करीब है। मृतक की पहचान खीरी जिले के हैदराबाद थाना क्षेत्र के बेलवा गांव निवासी राजेश कुमार वर्मा के रूप में की गई। दक्षिण खीरी के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) संजय बिस्वाल ने बाघ के हमले में राजेश कुमार की मौत की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि गश्त करने वाली कई टीम को बाघ की गतिविधियों पर नजर रखने और उसे वापस वन क्षेत्र में पहुंचाने का निर्देश दिया गया है। मौके पर पहुंचे डीएफओ बिस्वाल ने कहा कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है और पीड़ित परिवार को नियमानुसार उचित सहायता प्रदान की जाएगी।

# भाजपा का विकास है एजेंडा जिसे हराना है मुश्किलः डॉ अजय मणि त्रिपाठी

**➲ भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने संगठन की रीति नीति और उद्देश्य को विस्तार से समझाया।**

संपर्क दूत ■ अनिल कुमार मिश्रा ब्यूरो




**गोरखपुर।** सोमवार को सहजनवा स्थित सेरेमनी मैरिज हॉल भाजपा के क्षेत्र पंचायत सदस्य का एक दिवासी प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ। चार सत्रों में चले प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने संगठन की रीति नीति और उद्देश्य को विस्तार से समझाया। उद्घाटन सत्र को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए क्षेत्रीय संयोजक प्रबुद्ध प्रकोष्ठ डां अजय मणि त्रिपाठी ने केंद्र और प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में भाजपा देश प्रदेश विकास की बुलंदियों पर है।देश का परचम पूरे विश्व में लहरा रहा है।हर व्यक्ति का विकास हो रहा है।जनता का विश्वास इस पार्टी से जुड गया है।इस लिए भाजपा के विजय अभियान को रोकना नामुमकिन है। भाजपा के हर श्रेणी के पार्टी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था है। क्षेत्र पंचायत सदस्य को विकास की अंतिम कड़ी बताते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता होने के नाते आपसे अपेक्षा है कि आप जनसरोकार से जुड़े केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां को बढ़ाकर केंद्र में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने का मार्ग प्रशस्त करें। जिला अध्यक्ष युधिष्ठिर ने अतिथियों का स्वागत एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य के प्रति आभार जताया। दुसरे सत्र को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता आवास विकास उपाध्यक्ष अश्वनी त्रिपाठी ने भाजपा का इतिहास विचारधारा और जन भागीदारी विषय पर बोलते हुए क्षेत्र पंचायत सदस्य को देश और देवतुल जनता के प्रति समर्पण का पाठ पढ़ाया।अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख दिलीप यादव ने की। **तीसरे सत्र को संबोधित करते हुए बांध**

डां बच्चा पांडे नवीन ने कुशल जनप्रतिनिधियों कार्यालय जनसंपर्क प्रवास और सोशल मीडिया के संबंध में जरूरी टिप्स दिए अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख शशी प्रताप सिंह ने की।

समापन सत्र को क्षेत्रीय विधायक प्रदीप शुक्ला संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र में विकास के अनुकरणीय कार्य को करना चाहिए जो मिसाल बने। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष छोटेलाल मौर्य,जिला महामंत्री ब्रह्मानंद शुक्ला,जिला ममहामंत्री सबल सिंह, जिला मंत्री रामउजागिर शुक्ला, जिला महामंत्री डॉ आर डी सिंह, मनोज सिंह, जिला पंचायत सदस्य संजय शुक्ला,मंडल अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला, राम प्रकाश यादव,शिवचरण प्रसाद, धर्मराज गोड़ ,विनय गुप्ता,सूर्यनाथ विश्वकर्मा,विशंभर नाथ शर्मा, अवधेश शुक्ला,रजनीश शुक्ला क्षेत्र पंचायत सदस्य समेत समस्त भाजपा पदाधिकारी गढ़ उपस्थित रहे।

## विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम का हुआ आयोजन




संपर्क दूत ■ राघवेंद्र प्रताप सिंह

**सहजनवा।** विकास खण्ड पाली के ग्राम पंचायत पाली व सिसई में सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संकल्प यात्रा में भारत सरकार द्वारा चलाई गई सभी योजनाओं वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, ग्रामीण आवास, नि;शुल्क राशन,स्वच्छ भारत मिशन, शौचालय, आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य योजनाओं का सजीव प्रसारण किया गया।

कार्यक्रम में नोडल अधिकारी गौरव चौधरी, ग्राम प्रधान विश्वजीत सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी अरविंद कुमार, एडीओ एजी ध्रुव कुशवाहा व ग्रामीणों में मुख्तार, शीला, लक्ष्मी देवी, फूलमती देवी, पंचायत सहायक प्रीति सिंह,चरण सिंह सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पुलिस का बर्खास्त सिपाही चला रहा गिरोह एक ही शख्स के खिलाफ चार बार दर्ज कराया गया दुष्कर्म का केस स्ककरेंगे जांच

संपर्क दूत ■ परशुराम यादव



**गोरखपुर।** तिवारीपुर के रहने वाले पीड़ित ने एडीजी को आपबीती सुनाई। उसने बताया कि सिपाही उनके मकान में किराये पर रहता था। वर्ष 2021 में किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोप में उसे पुलिस ने जेल भेज दिया। छूटने के बाद से उन्हें फर्जी मामले में फंसा रहा है। आरोप है कि बदला लेने के लिए चार बार दुष्कर्म का केस दर्ज कराया गया।


एडीजी ने एसपी साउथ को जांच सौंपने के साथ ही निर्देश दिया है कि मामला अगर सही है तो बर्खास्त सिपाही व सहयोगियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराकर जेल भेजें।

तिवारीपुर तकिया के रहने वाले बृजेश ने बताया कि सुराती देवी नाम की एक अज्ञात महिला ने उनके ऊपर बस्ती और गोरखपुर जिले में चार बार दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया है। बार-बार फर्जी मुकदमा दर्ज होने की वजह से उनका पूरा परिवार मानसिक रूप से परेशान है।

आरोप है कि हरीश गुप्ता और रविश कुमार मिल कर लोगो को निशाना बनाते है और मुकदमा करा कर लोगो से पैसे एडने का काम करते है

19 अक्टूबर को शाहपुर पुलिस ने छेड़खानी व दुष्कर्म का फर्जी मुकदमा दर्ज कराकर रुपये वसूलने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया था। हास्पिटल संचालक विनय सिन्हा ने व्यापार के नाम पर कई लोगों से रुपये लिए थे। वापस मांगने पर फर्जी मुकदमा दर्ज करवाता था। उसके गिरोह में देवरिया जिले की रहने वाली दो महिलाएं व एक युवती शामिल थीं। 10 दिन पहले पुलिस ने दोनों महिलाओं को भी रंगदारी मांगने व धमकी देने के मुकदमे में गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

## रात्रि चौपाल कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने की शिरकत



संपर्क दूत ■ सुल्तानपुर

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय रविवार को देर शाम वाराणसी से जनपद सुलतानपुर पहुंचे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के संयोजन में संविधान दिवस के शुभ अवसर पर मोतिगरपुर ब्लॉक स्थित पारसपट्टी गाँव की बड़ी दलित बस्ती में आयोजित दलित गौरव संवाद (रात्रि चौपाल) कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय बतौर मुख्यतिथि के रूप में सम्मिलित हुए, और दलित समाज के मुन्ना गौतम के घर पर आयोजित सहभोज कार्यक्रम में भी शामिल रहे। कार्यक्रम में पहुंचने के पहले पूर्व मंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का चांदा बायपास पर प्रदेश सचिव एवं जनपद प्रभारी मो अनीस खा व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, योगेश सिंह एवं कांग्रेस के अन्य दिग्गज नेता व कार्यकर्ताओ ने फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं करती, हम और हमारी पार्टी लोगो के दिलो से जुड़कर काम करते हैं दिमाग से नहीं, कांग्रेस पार्टी हर समुदाय के लोगों से दूरियां खत्म कर रही है आज हम आप लोगों के साथ दरी पर बैठे हैं, बताओ अब दूरियां रह गई हमारे और आपके बीच में निश्चित रूप से हम उन दूरियों को खत्म कर रहे हैं। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि आपको प्रधानमंत्री की फोटो वाला झोला मिल रहा है, पहले नमक, तेल, चना मिलता था अब बंद कर दिया चुनाव आने वाला है फिर मिलना शुरू हो जाएगा। परेशान मत होइए आप लोग यह कुछ देने लायक रह नहीं जाएंगे। पांच राज्यों में चुनाव में जनता ही नहीं उखाड़ फेंक रही है। छत्तीसगढ़, उखड़ गए राजस्थान, उखड़ गए मध्य प्रदेश, उखड़ गए तेलंगाना में हम जीत रहे हैं और मिजोरम में तो दूर-दूर तक इनका नाम लेने वाला कोई नहीं है। जैसा करोगे वैसा भरोसे इन्होंने सिर्फ नफरत की राजनीति की है भाई से भाई को लड़ा दिया परिवार में लड़ा दिया, मणिपुर में आपने देखा क्या कर दिया, और बड़ी-बड़ी बातें करते हैं अपना घर जल रहा है, फिलिस्तीन और इजरायल की बात करते हैं, मणिपुर जल रहा है वहां नहीं गए प्रधानमंत्री जी और आज पूरे देश और दुनिया के नेता बनते हैं, मैं समझता हूं गरीबों को उनका हक दिलाना चाहिए, और उनके हक के साथ खड़े रहना चाहिए। वहीं उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ता व आम जनता को विश्वास दिलाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सर्व समाज का भला चाहती है, आप सब लोग आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को समर्थन दे और पूर्ण बहुमत से केंद्र में कांग्रेस की सरकार स्थापित करें। वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मुन्ना गौतम के घर देर रात कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता एवं दलित समाज के लोगों के साथ भोजन भी किया। तत्पश्चात लखनऊ के लिए रवाना हो गए। इस मौके पर उपाध्यक्ष जयप्रकाश पाठक, वरिष्ठ नेता प्रमोद मिश्र लक्ष्मीकांत मिश्रा ब्लॉक अध्यक्ष राहुल मिश्रा ,योगेश सिंह, अशोक वर्मा, संतोष सिंह, माता प्रसाद सिंह,शिवम पाठक, मोनू पाठक,अंकित अग्रहरि के अतिरिक्त राम सुमेर गौतम, पूर्व जिला परिषद सदस्य फिरतू राम, जिला पंचायत सदस्य निकलेश सरोज,पूर्व प्रमुख विजयपाल गौतम, प्रेम शीला गौतम, राम केवल नागर, अरविंद कोरी बीडीसी, रघुराज, बंसराज, पूनम कोरी, डॉ सरोजा आदि दलित समाज के स्थानीय नेता व सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## चौकी प्रभारी अमित सिंह का पद भर ग्रहण करने के लिए स्वागत किया गया

संपर्क दूत ■ सुल्तानपुर



कटका क्लब सामाजिक संस्था द्वारा द्वारिकागंज क्षेत्र में नए चौकी प्रभारी अमित सिंह का पद भर ग्रहण करने के लिए स्वागत किया गया। साथ में शुभकामनाएं दी गई।


इस मौके पर उपस्थित संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने कहा कि चौकी इंचार्ज से मुलाकात कर उन्हें बुके भेट दिया और नए दायित्व हेतु उन्हें शुभकामनाये देते हुवे कहा कि इसके पूर्व भी इस पुलिस चौकी पर सभी को सम्मान मिलता रहा है। उन्हे अमित सिंह के पद भार ग्रहण करने के उपरांत ये आशा और भी कि मज़लूमो और पीड़ितों महिलाओं को इन्साफ पहले जैसा ही मिलता रहा है आगे भी आपके द्वारा मिलेगा। कि वह बिना किसी दबाव के इमानदारी से काम करते है। आज हमारे क्षेत्र में बतौर चौकी प्रभारी नियुक्ति के बाद से हम सबकी आशाये काफी बढ़ गई है। इस अवसर पर इलाके के संभ्रांत नागरिको ने नए चौकी इंचार्ज का फुल मालाओं से स्वागत कर उन्हें मीठा खिला कर बधाई दी गई। चौकी प्रभारी अमित सिंह के द्वारा आश्वासन दिया गया क्षेत्र में बढ़ रहे अपराधी घटनाएं एवं हमले पर उनके द्वारा अंकुश लगाया जाएगा हर गरीब दलित को न्याय जरूर मिलेगा। इस मौके पर उपस्थित सुधीर मिश्रा, सूरज विश्वास, सुधीर यादव, मोनू यादव, वीर विक्रम सिंह मौजूद रहे।

## हास्य फ़िल्म अभिनेता व्यस्त बने साहब लाल धारी

संपर्क दूत ■ परशुराम यादव



**गोरखपुर।** काशी में पले बड़े हास्य फिल्म अभिनेता साहब लालधारी की इन दिनों भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्रीज में काफी व्यस्तता बढ़ गई है हास्य अभिनेता के रूप में धमाकेदार एंट्री करने वाले साहब लाल धारी को आजकल बड़े फिल्म अभिनेताओं के साथ किरदार निभाने का भरपूर अवसर मिल रहा है और अपने कला कौशल से मेरे प्रिय दोस्त साहब लालधारी को बेहतर फिल्मों में किरदार निभाने में लगातार सफलता प्राप्त हो रही है अब तक लगभग दर्जनों सुपरहिट फिल्मों में काम कर चुके है फिलहाल उनकी तत्काल में चिंटू पांडे के साथ फिल्म शूरवीर की शूटिंग चालू है इसके पहले यह करीब 130 सुपरहिट फिल्मों अपना जलवा बिखेर चुके हैं जैसे खेसारी लाल यादव की फिल्म डोली सजा के रखना पवन सिंह के साथ योद्धा आदि ऐसे तमाम फिल्मों में इन्होंने अपनी खूब अच्छी छाप बनाई है यह पूरी जानकारी अभिनेता साहब लालधारी टेलीफोन वार्तालाप के दौरान मिली है



## युवक को पीटने और उस पर पेशाब करने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**मेरठ (उप्र)।** मेरठ जिले की मेडिकल थाना पुलिस ने एक युवक की पिटाई करने और उस पर पेशाब करने के आरोप में सोमवार को तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना के मुख्य आरोपी को पुलिस ने रविवार को ही गिरफ्तार कर विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया था। मेडिकल थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) सूर्यदीप ने बताया कि मुख्य आरोपी आशीष मलिक को रविवार को गिरफ्तार किया गया, जबकि तीन अन्य अवी शर्मा, राजन और मोहित ठाकुर को सोमवार को गिरफ्तार किया गया। यह घटना 13 नवंबर को यहां मेडिकल थाना क्षेत्र के जागृति विहार इलाके में हुई थी जब एक युवक को कुछ लोगों ने कथित तौर पर पीटा था और उस पर पेशाब भी किया था। पुलिस ने कहा कि इस संबंध में पीड़ित के पिता ने भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मेडिकल पुलिस थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जागृति विहार में एक स्कूल के पास हुई इस घटना के बारे में दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया है कि पीड़ित युवक को जमीन पर गिराकर पीटा गया और उसपर पेशाब भी किया गया। थाना प्रभारी के अनुसार, आरोपियों ने युवक पर पेशाब करने का वीडियो बनाकर भी पीड़ित युवक को दिखाया था। इसके बाद युवक द्वारा परिजनों को घटना की जानकारी दी गई।

## लुगु बुरू पहाड़ में डीवीसी की पनबिजली परियोजना को अनुमति नही दी जाएगी : झारखंड के मुख्यमंत्री सोरेन

**बोकारो।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को कहा कि दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) को बोकारो जिले में संथाली जनजाति के महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों में से एक लुगु बुरू पहाड़ पर प्रस्तावित जलविद्युत भंडारण परियोजना के निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी। सोरेन ने 23वें अंतरराष्ट्रीय संथाल सरना धर्म महासम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक वह राज्य के मुख्यमंत्री हैं, लुगु बुरू पहाड़ पर जलविद्युत परियोजना की अनुमति नहीं दी जाएगी। आदिवासी समुदाय इस परियोजना का विरोध कर रहा है और राज्यव्यापी आंदोलन की चेतावनी दे रहा है। राज्य की जनजातीय सलाहकार परिषद (टीएसी) ने भी 17 नवंबर को इस परियोजना के खिलाफ सिफारिश की थी, क्योंकि इस क्षेत्र को संथालियों का धार्मिक स्थल माना जाता है। सोरेन ने कहा, लुगु बुरू पहाड़ को संरक्षित करने के लिए काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी प्रकृति के उपासक हैं। उन्होंने कहा, वे पहाड़ों को हरा-भरा रखते रहे हैं। लुगु बुरू के इतिहास को संरक्षित करना होगा। उन्होंने लुगु बुरू के पवित्र स्थल पुनाय थान में अनुष्ठान भी किया। बाद में सोरेन ने एक्स पर पोस्ट किया, मैंने राज्य के लोगों की समृद्धि और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री अपने पिता और सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रमुख शिबू सोरेन के साथ रामगढ़ जिले के गोला ब्लॉक के नेमरा स्थित अपने पैतृक स्थान भी गए। उन्होंने अपने दादा सोबरन सोरेन की पुण्य तिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

**➲ सोरेन ने 23वें अंतरराष्ट्रीय संथाल सरना धर्म महासम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक वह राज्य के मुख्यमंत्री है, लुगु बुरू पहाड़ पर जलविद्युत परियोजना की अनुमति नही दी जाएगी।**

**रोजगार** | गीडा के स्थापना दिवस पर सीएम योगी के समक्ष नाइलिट से एमओयू का होगा आदान-प्रदान

# रोजगार की बहार को गीडा में खुलेगा स्किल डेवलपमेंट सेंटर

संपर्क दूत ■ अनिल कुमार मिश्रा ब्यूरो



**सहजनवा/गोरखपुर।** गोरखपुर पूर्वी उत्तर प्रदेश के युवाओं को इसी अंचल के उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कुशल बनाकर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में स्किल डेवलपमेंट सेंटर खोला जाएगा। गीडा की पहल पर यह सेंटर राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (NIELIT - नाइलिट) द्वारा खोला और संचालित किया जाएगा। गीडा के स्थापना दिवस समारोह (30 नवंबर) पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष इस स्किल डेवलपमेंट सेंटर के लिए एमओयू (समझौता करार) का आदान-प्रदान किया जाएगा। इसी समारोह में प्लास्टिक पार्क के उद्यमियों को कच्चा माल उपलब्ध कराने के लिए गैस ऑथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल) के साथ भी समझौता करार का हस्तांतरण होगा।

गीडा के 34वें स्थापना दिवस समारोह को भव्य बनाने के साथ उपलब्धियों से परिपूर्ण कर यादगार बनाने की जोरदार तैयारी की जा रही है। इसमें निजी क्षेत्र की करोड़ो रुपये की निवेश परियोजनाओं की सौगात तो मिलेगी ही, रोजगार के लिए स्थानीय युवाओं को उद्योग अनुकूल बनाने की तरफ भी कदम बढ़ाया जाएगा। गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुज मलिक का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा कौशल विकास प्रशिक्षण देकर इस क्षेत्र के युवाओं को यहीं रोजगार उपलब्ध कराने की है। इसके दृष्टिगत नाइलिट के साथ एमओयू किया जा रहा है। इस एमओयू का आदान प्रदान गीडा दिवस पर सीएम योगी के सामने किया जाएगा।

स्किल डेवलपमेंट सेंटर के लिए गीडा की तरफ से नाइलिट को 9,280 वर्ग मीटर स्थान मय निर्मित भवन के निशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा। यहां स्थानीय युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुरूप रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस केंद्र में नए सेक्टर जैसे इंफॉर्मेशन एंड टेक्नोलॉजी (आईटी), आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशिन लर्निंग आदि के लिए भी ट्रेनिंग दी जाएगी। इससे स्थानीय युवा बदलते समय के साथ रोजगार प्राप्त करने में सक्षम बन सकेंगे।

**प्लास्टिक पार्क की यूनिट्स को गेल से मिलेगा कच्चा माल**

सीईओ गीडा, अनुज मलिक ने बताया कि गीडा के स्थापना दिवस पर महत्वाकांक्षी प्लास्टिक पार्क प्रोजेक्ट को और गति मिलेगी। प्लास्टिक पार्क में लगने वाली यूनिट्स को परियोजना स्थल पर ही गेल की तरफ से कच्चा माल सुलभ होगा। इसके लिए 30 नवंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने एमओयू का आदान-प्रदान संपन्न होगा। गीडा की तरफ से प्लास्टिक पार्क प्रोजेक्ट गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे सेक्टर-28 में 88 एकड़ विकसित किया गया है। यहां प्लास्टिक उद्योग की 92 इकाइयों के लिये स्थान एवं समस्त आवश्यक अवस्थापना सुविधाएं उपलब्ध होगी। इसमें लगभग 5000 व्यक्तियों को रोजगार मिल सकेगा। गीडा द्वारा प्लास्टिक पार्क में 35 उद्यमियों को भूखण्ड आवंटन की कार्यवाही की जा चुकी है।

## संक्षिप्त खबरें

### पहली बार गैर जीवाश्म ईंधन से परिचालित विमान ने अटलांटिक पार के लिए भरी उड़ान

**लंदन।** पूरी तरह से उच्च-वसा एवं कम उत्सर्जन वाले ईंधन से संचालित पहले वाणिज्यिक विमान ने मंगलवार को लंदन से न्यूयार्क की उड़ान भरी और इस दौरान इसने अटलांटिक महासागर को पार किया, जिसे जेट ज़ीरो की संज्ञा दी जा रही है। विमानन कंपनी वर्जिन अटलांटिक के बोइंग-787 विमान को जीवाश्म ईंधन का इस्तेमाल किए बिना संचालित किया गया। इस उड़ान के लिए इस्तेमाल विमानन ईंधन अपशिष्ट वसा से बना था। वर्जिन के संस्थापक रिचर्ड ब्रैनसन ने कहा, जब तक आप कुछ खास नहीं करते, दुनिया हमेशा यह मान कर चलती है कि ऐसा कुछ किया ही नहीं जा सकता। ब्रैनसन खुद कॉर्पोरेट और सरकारी अधिकारियों, इंजीनियरों और पत्रकारों सहित अन्य लोगों के साथ विमान में सवार थे। ब्रिटेन के परिवहन विभाग ने उड़ान की योजना बनाने और संचालित करने के लिए 10 लाख पाउंड (12.7 लाख अमेरिकी डॉलर) दिए हैं। विभाग ने हवाई यात्रा को पर्यावरण के अधिक अनुकूल बनाने के लिए परीक्षण को जेट शून्य की दिशा में एक बड़ा कदम करार दिया। हालांकि व्यापक रूप से इस तरह के ईंधन उत्पादन में अब भी कई बाधाएं हैं।

### शेख नवाफ अल सबा को स्वास्थ्य समस्याओं के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया

**दुबई।** कुवैत के शासक शेख नवाफ अल अहमद अल सबा को बुधवार को आपात स्वास्थ्य समस्याओं के कारण बुधवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। वर्ष 2020 में देश का शासक बनने के बाद से स्वास्थ्य को लेकर लंबे समय से जारी चिंताएं फिर से सामने आ गई हैं। सरकारी समाचार एजेंसी केयूएनए ने 86-वर्षीय शेख नवाफ अल सबा की स्वास्थ्य समस्याओं का खुलासा नहीं किया। अपने शासन के दौरान चिकित्सकीय जांच एवं अन्य समस्याओं का सामना करने की वजह से उन्होंने कई बार अपने प्रतिनिधि को सत्ता सौंपी थी।

### शेष बंधकों को बिना शर्त तत्काल रिहा करे हमास: भारत

# भारत ने इजराइली बंधकों को रिहा किए जाने का स्वागत किया

**एजेंसी ■ संयुक्त राष्ट्र**





भारत ने फलस्तीन के चरमपंथी समूह हमास की ओर से इजराइली बंधकों को रिहा किए जाने का स्वागत किया है और शेष बंधकों को बिना शर्ष तत्काल रिहा किए जाने की मांग की। भारत ने कहा कि आतंकवाद और बंधक बनाने जैसे कृत्यों को उचित नहीं ठहराया जा सकता। हमास ने इजराइल पर सात अक्टूबर को अप्रत्याशित हमला कर करीब 240 लोगों को बंधक बना लिया था, जिसके बाद इजराइल ने भी जवाबी कार्वाई करते हुए गाजा पट्टी पर हमला किया। कतर, मिस्र और अमेरिका की मध्यस्थता से इजराइल और हमास के बीच पिछले सप्ताह युद्ध विराम पर सहमति बनी जिसके बाद दोनों पक्षों में संघर्ष विराम तथा रिहाई का सिलसिला जारी है।

हमास ने अब तक इजराइल और अन्य देशों के 60 से अधिक बंधकों को रिहा किया है, बदले में इजराइल ने फलस्तीन के 150 लोगों को रिहा किया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने मंगलवार को कहा, हम आज यहां ऐसे वक्त में इकट्ठा हुए हैं जब इजराइल और हमास के बीच युद्ध के कारण बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने तथा मानवीय संकट बढ़ने से पश्चिम एशिया में हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं। यह स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य है और हमने आम नागरिकों के मारे जाने की कड़ी निंदा की है। कंबोज ने पश्चिम एशिया में हालात तथा फलस्तीन का सवाल विषय पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में कहा कि इस मानवीय संकट से निपटने में सभी पक्षकारों को पूरी जिम्मेदारी दिखाने की सबसे ज्यादा जरूरत है। उन्होंने कहा, हम इस बात से अवगत हैं कि फिलहाल का आक्रोश सात अक्टूबर को इजराइल पर हुए आतंकवादी हमले से शुरू हुआ। ए हमले स्तब्ध कर देने वाले थे और हमें इनकी स्पष्ट रूप से निंदा करनी चाहिए। आतंकवाद तथा बंधक बनाए जाने को किसी भी तरह से उचित नहीं ठहराया जा सकता।

कंबोज ने कहा कि भारत बंधकों की रिहाई की खबर का स्वागत करता है और शेष बंधकों की बिना शर्त तथा तत्काल रिहाई की भी मांग करता है। उन्होंने कहा, भारत का आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने का रुख है। हमारा यह भी मानना है कि अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों का पालन करना सार्वभौमिक दायित्व है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने बंधकों की रिहाई का स्वागत किया और सभी बंधकों की तत्काल एवं बिना शर्त रिहाई की मांग दोहराई। कंबोज ने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय समुदाय के उन सभी प्रयासों का स्वागत करता है जिससे तनाव कम होगा और फलस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता मिलेगी।

## अमेरिका दिसंबर से शुरू करेगा कार्य वीजा नवीनीकरण कार्यक्रम, भारतीयों को सबसे अधिक लाभ




**एजेंसी ■ वाशिंगटन**

अमेरिका दिसंबर में एच-1बी वीजा की कुछ श्रेणियों के नवीनीकरण के लिए एक प्रायोगिक कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है जिसमें खासतौर पर बड़ी संख्या में भारतीय प्रौद्योगिकी पेशेवरों को लाभ होगा। एच-1बी वीजा एक गैर-आव्रजक वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को खास पेशों में विदेशी कर्मचारियों को नियुक्त करने की इजाजत देता है। प्रौद्योगिकी कंपनियां प्रति वर्ष भारत और चीन जैसे देशों से हजारों की संख्या में कर्मचारी भर्ती करती हैं।

प्रायोगिक कार्यक्रम में केवल 20,000 उम्मीदवारों को शामिल किया जाएगा और इसकी घोषण उस वक्त की गई थी जब जून में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका की यात्रा की थी। वीजा सेवाओं के लिए उप सहायक विदेश मंत्री जूली स्टफ्ट ने पीटीआई से एक साक्षात्कार में कहा , भारत में मांग (अमेरिकी वीजा) अब भी बहुत ज्यादा है। हम नहीं चाहते की प्रतीक्षा अवधि छह, आठ और 12 महीने हो...। उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यात्रियों को जितना जल्दी हो सके साक्षात्कार का वक्त मिले। हम एक ओर इसे घरेलू वीजा नवीनीकरण कार्यक्रम के माध्यम से कर रहे हैं जो काफी हद तक भारत पर केंद्रित है। दिसंबर से तीन महीने की अवधि में विदेश मंत्रालय उन विदेशी नागरिकों को 20,000 वीजा जारी करेगा जो पहले से ही देश में हैं। उन्होंने कहा, हम पहले समूह में 20,000 वीजा जारी करेंगे।

इसमें बहुतायत अमेरिका में रह रहे भारतीय नागरिकों की होगी और आगे हम इसका विस्तार करेंगे। स्टफ्ट ने कहा, चूंकि भारतीय अमेरिका में दक्ष पेशेवरों का सबसे बड़ा समूह है इसलिए हमें उम्मीद है कि इससे भारत को फायदा होगा और लोगों को वीजा नवीनीकरण के लिए वापस भारत अथवा अन्य कहीं जाने और साक्षात्कार देने की जरूरत नहीं होगी। विदेश मंत्रालय पिछले कुछ समय से प्रायोगिक आधार पर इस तरह का कार्यक्रम शुरू करने की दिशा में काम कर रहा था लेकिन मोदी की यात्रा के दौरान इसकी औपचारिक तौर पर घोषणा की गई। स्टफ्ट ने बताया कि अमेरिका ने कागजरहित वीजा जारी करने संबंधी एक प्रायोगिक कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया है जिसके बाद पासपोर्ट पर वीजा की मोहर लगाना अथवा कागज चिपकाना अब अतीत की बात होगी। अमेरिका ने हाल ही में डबलिन में अपने राजनयिक मिशन में छोटे स्तर पर कार्यक्रम पूरा किया है और वह इसे बड़े पैमाने पर शुरू करने की योजना बना रहा है। स्टफ्ट ने कहा, इसका व्यापक इस्तेमाल करने में हमें शायद 18 महीने या इससे भी अधिक समय लगेगा...। एक बयान में, भारतीय-अमेरिकी समुदाय के नेता अजय जैन भूटोरिया ने विदेश विभाग के इस कदम को महत्वपूर्णें बताया।

## पाक की अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को बरी किया

**एजेंसी ■ इस्लामाबाद**



इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को एवेनफील्ड भ्रष्टाचार मामले में बुधवार को बरी कर दिया। शरीफ के खिलाफ भ्रष्टाचार के एक अन्य मामले में उन्हें दोषमुक्त किए जाने को चुनौती देने संबंधी अपील राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने वापस ले ली जिससे इस मामले में भी उन्हें बरी किए जाने संबंधी फैसले को बरकरार रखा गया। मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक और न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब की दो सदस्ईय पीठ ने एवेनफील्ड भ्रष्टाचार मामले में शरीफ (73) की सजा के खिलाफ उनके द्वारा दायर अपील पर सुनवाई के बाद फैसले की घोषणा की। इस मामले में उन्हें 2018 में 10 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। उसी वर्ष पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख को फ्लैगशिप भ्रष्टाचार मामले में एक निचली अदालत ने बरी कर दिया था लेकिन भ्रष्टाचार रोधी निगरानी संस्था एनएबी ने इस फैसले को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। एवेनफील्ड भ्रष्टाचार मामला गलत तरीके से अर्जित धरराशि से लंदन में संपत्ति रखने के बारे में था और वह इस मामले में जमानत पर थे, जबकि दोषसिद्धि के खिलाफ उनकी अपील इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) द्वारा सुनी गई। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने दलीलें सुनने के बाद, शरीफ को एवेनफील्ड मामले में बरी कर दिया, जबकि एनएबी ने फ्लैगशिप मामले में अपनी अपील वापस लेने का फैसला किया, जिसके कारण निचली अदालत द्वारा उन्हें बरी किए जाने संबंधी फैसले को उच्च न्यायालय ने बरकरार रखा।

### सुरंग अभियान बचाव पर वैश्विक मीडिया ने कहा

## मानव श्रम मशीनों पर भारी पड़ा

**एजेंसी ■ लंदन**

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बचाने के एक अविश्वसनीय और जोखिमभरे सफल अभियान के बारे में विश्व मीडिया ने कहा कि मानव श्रम मशीनों पर भारी पड़ा है। सिलक्यारा सुरंग में लगभग 17 दिन तक फंसे रहे सभी 41 श्रमिकों को विभिन्न एजेंसियों के संयुक्त बचाव अभियान के तहत मंगलवार की शाम सकुशल बाहर निकाल लिया गया।

समाचार पत्र द गार्जियन ने लिखा, अंततः यह मशीनों पर मानव श्रम की जीत थी क्योंकि मशीनों के जरिए इस अभियान में सफलता नहीं मिलने पर रैट होल माइनिंग विशेषज्ञ हाथों से खुदाई करके 12 मीटर मलबे को हटाने में कामयाब रहे। ब्रिटिश समाचार पत्र ने एक विस्तृत खबर में कहा कि 400 घंटे से अधिक समय बाद सिलक्यारा-बड़कोट सुरंग से श्रमिकों को स्ट्रेचर के जरिए निकाला गया और इस दौरान बचाव अभियान में कई बाधाएं आई लेकिन बचावकर्मियों ने हिम्मत नहीं हारी और सफलतापूर्वक इस अभियान को पूरा किया। ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (बीबीसी) ने बचाव अभियान पर नियमित रूप से अद्यतन जानकारी दी। बीबीसी की खबर में कहा गया, सुरंग से पहले व्यक्ति के बाहर आने की खबर आते ही सुरंग के बाहर जश्न मनाया जाने लगा। इसमें कहा गया कि एक जबरदस्त बचाव अभियान में कई बाधाओं को पार करते हुए उन्हें सुरंग से बाहर निकाला गया। लंदन के समाचार पत्र द टेलीग्राफ ने अपनी खबर में कहा कि सैन्य इंजीनियरों और खनिकों ने इस मिशन को पूरा करने के लिए मलबे में रैट होल ड्रिल किया। चारधाम यात्रा मार्ग पर निर्माणाधीन साढ़े चार किलोमीटर लंबी सिलक्यारा-बड़कोट सुरंग का एक हिस्सा 12 नवंबर को ढह जाने से उसमें 41 श्रमिक फंस गए थे और श्रमिकों को निकालने के लिए युद्धस्तर पर अभियान चलाया गया। मलबे के रास्ते छह इंच का पाइप डालकर उन्हें भोजन, दवाएं और अन्य आवश्यक चीजें भेजी गईं। फ्रांस 24 की खबर के अनुसार, रैट होल माइनिंग विशेषज्ञों ने चट्टानों, बजरी और धातु की बाधाओं को दूर करते हुए हाथों से खुदाई कर अभियान को सफल बनाने में मदद की। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी खबर में कहा कि अतिरिक्त मलबा गिरने से शुरुआती ड्रिलिंग प्रयासों में बाधा आई। इसमें कहा गया कि 13वें दिन बचाव प्रयासों में उस समय बाधाओं का सामना करना पड़ा जब अमेरिका निर्मित ऑगर मशीन ड्रिलिंग के दौरान टूट गई। श्रमिकों ने इसे निकालने की कोशिश की और कुछ और विकल्पों पर विचार किया जिनमें एक योजना पहाड़ के ऊपरी हिस्से से लंबवत ड्रिलिंग शुरू करना था। इसमें कहा गया है कि बचाव अभियान को अपने अंतिम घंटों में भी बाधाओं का सामना करना पड़ा था।

## नेपाल के शीतलहर की चपेट में आने से छह लोगों की मौत



**एजेंसी ■ काठमांडू**

नेपाल के भूकंप प्रभावित करनाली प्रांत में भीषण ठंड के मौसम के चलते छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार तीन नवंबर को आए भूकंप के कारण मकानों के पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो जाने के चलते कई परिवारों को अस्थाई तंबुओं में रहना पड़ रहा है। नवजात शिशुओं, जच्चा, गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीजों और बुजुर्गों के ठंड की चपेट में आने की आशंका सबसे अधिक है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार को प्रांत के पश्चिमी रुकुम जिले में छह लोगों की मौत हुई। इनमें से आठबिस्कोट नगर पालिका में पांच लोगों की वहीं सनोभेरी ग्रामीण नगर पालिका में एक व्यक्ति की मौत हुई। मरने वालों में अधिकतर 60 से 80 वर्ष की उम्र के बुजुर्ग लोग शामिल थे। सभी छह व्यक्तियों ने अस्थाई तंबू में शरण ली थी क्योंकि इस महीने की शुरुआत में जिले में आए विनाशकारी भूकंप के कारण उनके घर रहने लायक नहीं रह गए थे। जाजरकोट और पश्चिमी रुकुम जिला तीन नवंबर को 6.4 तीव्रता के भूकंप से प्रभावित हुआ था, जिसमें कम से कम 154 लोग मारे गए थे और हजारों लोग बेघर हो गए थे। इससे पहले जिले में दो सप्ताह पहले भूकंप से प्रभावित पांच लोगों की तंबू में सोते समय मौत हो गई थी।

## नौ मई की हिंसा सेनाध्यक्ष जनरल असीम मुनीर का तख्ता पलट करने की थी कोशिश : शहबाज शरीफ

**एजेंसी ■ लाहौर**

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार को दावा किया कि मई में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद प्रमुख सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले सहित अभूतपूर्व हिंसा सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को पद से हटाने की एक कोशिश थी। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी के अध्यक्ष ने भ्रष्टाचार के एक मामले में यहां जवाबदेही अदालत में पेश होने के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। शरीफ ने नौ मई को कथित साजिश के तहत मौजूदा सेना प्रमुख को पद से हटाने की कोशिश के लिए गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में जेल में बंद 71 वर्षीय पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अध्यक्ष खान पर परोक्ष हमला करते हुए कहा कि अभूतपूर्व हमलों के सूत्रधार देश के दुश्मन हैं। शरीफ (72) ने कहा, नौ मई को सेना प्रमुख का तख्तापलट करने की कोशिश की गई। कोई भी हो...चाहे लोकतंत्र हो या तानाशाह, देशद्रोह को बर्दाश्त नहीं करता इसलिए नौ मई के दोषियों के खिलाफ कार्वाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि नौ मई के सूत्रधारों को कोई रियायत नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि वे देश के दुश्मन हैं।

## भारत ने सीरियाई गोलन से इजराइल के नहीं हटने पर चिंता जताने वाले प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया

**एजेंसी ■ संयुक्त राष्ट्र**



भारत ने सीरियाई गोलन से इजराइल के वापस नहीं हटने को लेकर गहरी चिंता जताने वाले , संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में पेश एक मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है। सीरियाई गोलन दक्षिण पश्चिम सीरिया में एक क्षेत्र है जिस पर पांच जून, 1967 को इजराइली सुरक्षा बलों ने कब्जा कर लिया था।

पश्चिम एशिया में स्थिति विषय पर आधारित एजेंडा के तहत सीरियाई गोलन नामक प्रस्ताव पर मंगलवार को 193 सदस्ईय संयुक्त राष्ट्र महासभा में मतदान हुआ। मिस्र ने प्रस्ताव पेश किया जिसके पक्ष में 91 वोट पड़े और आठ ने इसके विरुद्ध मतदान किया जबकि 62 सदस्य गैर हाजिर रहे। भारत के अलावा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान करने वालों में बांग्लादेश, भूटान, चीन, मलेशिया, मालदीव, नेपाल, रूस, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात शामिल थे। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, इजराइल, ब्रिटेन और अमेरिका ने मसौदा प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया। प्रस्ताव में इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त की गई है कि प्रासंगिक सुरक्षा परिषद और महासभा के प्रस्तावों के विपरीत इजराइल सीरियाई गोलन से पीछे नहीं हटा है, जो 1967 से उसके कब्जे में है। प्रस्ताव में घोषित किया गया कि इजराइल सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 497 (1981) का पालन करने में विफल रहा है। साथ ही इसमें कहा गया कि कब्जे वाले सीरियाई गोलन हाइट्स में अपने कानून, अधिकार क्षेत्र और प्रशासन को लागू करने का इजराइल का निर्णय अमान्य और अंतरराष्ट्रीय कानून के प्रभाव के बिना है। मंगलवार के प्रस्ताव में 14 दिसंबर, 1981 के इजराइली फैसले को भी अमान्य घोषित कर दिया गया और कहा गया कि इसकी कोई वैधता नहीं है। इसने इजराइल से अपना निर्णय रद्द करने का आह्वान किया। प्रस्ताव में 1967 से कब्जे वाले सीरियाई गोलन में इजराइली बस्ती निर्माण और अन्य गतिविधियों की अवैधता पर भी जोर दिया गया।

**निर्माण** इस परियोजना को आकार देने के लिए एनएचडीए और एसईसी ने दो अलग-अलग समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं

## श्रीलंका के चाय बागान क्षेत्रों में 10 हजार मकानों का निर्माण करेगा भारत

**एजेंसी ■ कोलंबो**



श्रीलंका में अपनी आवासीय परियोजना के विस्तार के मद्देनजर भारत यहां के चाय बागान क्षेत्रों में और 10 हजार मकानों का निर्माण करेगा। एक बयान के मुताबिक, भारतीय उच्चायोग ने मंगलवार को भारतीय आवासीय परियोजना के चौथे चरण के अंतर्गत श्रीलंका के चाय बागान क्षेत्रों में और 10 हजार मकानों के निर्माण के लिए दो महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस परियोजना को आकार देने के लिए राष्ट्रीय आवास विकास प्राधिकरण (एनएचडीए) और राज्य इंजीनियरिंग निगम (एसईसी) ने दो अलग-अलग समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनका मकसद जल्द से जल्द 10 हजार मकानों का निर्माण करना है। इन दो समझौतों पर हस्ताक्षार करने वालों में काउंसेलर एवं डेवलपमेंट कॉपरेशन विंग के प्रमुख एल्डोस मैथ्यू पुनोसी, एसईसी के अध्यक्ष रत्नासिरी कालूपहाना और एनएचडीए के महाप्रबंधक कंकणमलगे अजंता जनक शामिल थे। भारतीय आवासीय परियोजना का चौथा चरण श्रीलंका के 11 जिलों और छह प्रांतों में फैला हुआ है। बयान के मुताबिक, चौथे चरण के तहत 10 हजार मकानों का निर्माण भारतीय आवासीय योजना के अंतर्गत 60 हजार मकानों के निर्माण की भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराता है। उत्तरी और पूर्वी प्रांतों में दो चरणों में 46 हजार मकानों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है जबकि बागान क्षेत्रों में चार हजार मकानों के निर्माण का तीसरा चरण पूरा होने के करीब है। बयान के मुताबिक, भारत की श्रीलंका के साथ जन-केंद्रित विकास सहयोग साझेदारी में आवासों पर विशेष ध्यान दिया गया है। भारतीय आवासीय परियोजना के अलावा 2400 मकानों का निर्माण विविध आवासीय परियोजनाओं के अंतर्गत श्रीलंका के 25 जिलों में किया जा रहा है। भारत लगभग पांच अरब अमेरिकी डॉलर का विकास सहयोग दे रहा है, जिसमें से करीब 60 करोड़ अमेरिकी डॉलर अनुदान के रूप में दिया गया है।

## इमरान अपनी पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव नहीं लड़ेंगे, करीबी सहयोगी को नामित किया

**एजेंसी ■ इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अपनी पार्टी के अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ेंगे और उन्होंने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) का नेतृत्व करने के लिए बैरिस्टर गौहर खान को नामित किया है। एक शीर्ष नेता ने बुधवार को दी।

डॉन समाचार पत्र की एक खबर के अनुसार, बैरिस्टर अली जफर ने घोषणा की कि मौजूदा अध्यक्ष इमरान खान दो दिसंबर को होने वाला चुनाव नहीं लड़ेंगे और बैरिस्टर गौहर खान को पार्टी अध्यक्ष पद के लिए नामित किया गया है। इससे पहले इमरान के पार्टी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा हो गई थी। पार्टी के अंदर उस समय भ्रम की स्थिति पैदा हो गई जब उसने अपने ही एक वरिष्ठ नेता के बयान को खारिज कर दिया। पार्टी के वरिष्ठ नेता शेर अफजल मारवात ने दावा किया था कि जेल में बंद इमरान पार्टी के आंतरिक चुनावों में अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ेंगे।

गौहर खान ने कहा, ँइमरान खान पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष थे, हैं और रहेंगे... मैं उनके लौटने तक अपनी जिम्मेदारी निभाऊंगा। पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव होने हैं। पाकिस्तानी निर्वाचन आयोग के अनुसार अगर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) अपना चुनाव चिन्ह बल्ला बरकरार रखना चाहती है तो उसे 20 दिन की समय सीमा के अंदर पार्टी के अंदर चुनाव कराना होगा। जियो न्यूज की एक खबर के अनुसार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शेर अफजल मारवात ने मंगलवार को कहा कि बैरिस्टर गौहर खान पीटीआई के अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार होंगे। उससे पहले इमरान ने कानूनी बाधाओं के कारण अध्यक्ष पद पर नहीं रहने का कथित तौर पर फैसला किया। खान अभी रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं।

दखल

# समावेशी विकास की चुनौतियां



समावेशी विकास, आर्थिक संवृद्धि के विरोधाभासों असमानता एवं गरीबी से निपटते हुए समन्वित विकास का प्रयास है। समावेशी विकास की सर्वमान्य परिभाषा भले ही न हो, परन्तु स्थानीय एवं वैश्विक संदर्भों में यह गरीबी, बेरोजगारी और असमानता से निपटने का मंसूबा रखता है। मात्र प्रतिव्यक्ति आय एवं जीडीपी बढ़ाने के बजाय ऐसी समावेशी विकास नीतियों को प्राथमिकता मिले जिसमें गरीबों के लिए आमदनी एवं रोजगार के अवसर हों।

**समावेशी** विकास पर विभिन्न संस्थानों के रुख अलग अलग है। विश्व बैंक गरीबी कम करने की पूर्वापेक्षा के रूप में तीव्र आर्थिक विकास पर जोर देता है, जबकि आईपीसी-आईजी असमानता से निपटना समावेशी विकास की बुनियाद मानता है। स्पष्ट है कि सभी विकास समान रूप से समावेशी नहीं हैं। आर्थिक वृद्धि और असमानता के मध्य संबंधों में भी अलग मत हैं। विश्वबैंक का मत है असमानता पर ध्यान केंद्रित करने से प्रतिकूल परिणाम हो सकते हैं और कम लोगों को ही विपन्नता से बाहर निकाला जा सकता है। असमानता एवं टिकाऊ आर्थिक विकास का मजबूत संबंध है। यद्यपि परिणामों पर आमराय है, समस्या है कि समावेशी विकास की परिभाषा पर व्यक्तियों एवं संस्थानों के अलग मत हैं। परिभाषाएं मायने रखती हैं क्योंकि वे उन उद्देश्यों को तय करती हैं जिनसे नीतियां निर्धारित होती हैं। समावेशी विकास की रणनीतियों में आर्थिक स्थिरता एवं खुलापन शामिल हैं। अनेक संस्थान एवं सरकारें उच्च विकास दर को समावेशी विकास की पूर्वापेक्षा एवं प्रमुख कारक के रूप में देखती हैं।

समावेशी विकास पुरानी रूढ़ियों को चुनौती देते नई प्राथमिकताओं एवं विशिष्ट दृष्टिकोण को सामने लाता है। वैश्विक देशों एवं संस्थानों की कार्ययोजनाओं तथा रणनीतियों का महत्वपूर्ण उद्देश्य समावेशी विकास है। जी-20 स्वीकारता है कि बड़ी वैश्विक आबादी अभी भी आर्थिक सुधार की प्रक्रिया एवं परिणामों में भागीदार नहीं बन सकी है। जी-20 को न केवल सशक्त, सतत् एवं संतुलित विकास के लिए प्रयास करना होगा, अपितु अधिक समावेशी विकास के लिए भी प्रयास करना होगा। आर्थिक सहयोग तथा विकास संगठन ने समावेशी विकास की तीन प्रमुख समस्याएं बताई हैः गरीबी, बेरोजगारी एवं असमानता; जिससे दुनिया उदारीकरण तथा वैश्वीकरण के दौर में रिकार्ड विकास दर के बावजूद निपटने में असफल रही है। अनेक अर्थव्यवस्थाएं संरचनात्मक परिवर्तन के जरिए आर्थिक विकास के उच्चतर स्तर पर होने के बावजूद अनेक बुनियादी चुनौतियों से निजात पाने में अक्षम हैं।

गरीबी, बेरोजगारी तथा आय की बढ़ती असमानताएं समावेशी विकास के रास्ते में चुनौती हैं। विकासशील देशों में तीव्र विकास दर के बावजूद गरीबी एवं बेरोजगारी गंभीर चुनौती है। आर्थिक विकास एवं रोजगार परस्पर संबद्ध होते हैं। हालिया दशकों में विकास के साथ रोजगार में अपेक्षित वृद्धि नहीं हुई है। अनुमान है कि 1980 के दशक में रोजगार में एक फीसदी की वृद्धि हेतु जीडीपी में तीन फीसदी वृद्धि की जरूरत थी, लेकिन 1990 के दशक तक इसकी जरूरत बढ़कर जीडीपी का आठ फीसदी हो गई। विश्व बैंक का अनुमान है कि अगले पंद्रह वर्षों में दुनियाभर में रोजगार में स्थिरता बनाए रखने हेतु साठ करोड़ रोजगार के नए अवसर सृजित करने होंगे। जो लोग रोजगार में हैं, उनकी कार्य दशाएं चिंताजनक हैं। रोजगार तेजी से अस्थायी होते जा रहे हैं, वैश्विक आय में श्रमिकों की हिस्सेदारी पिछले दो दशकों में चार फीसदी घटी है। आर्थिक विकास ने सभी को समान रूप से प्रभावित नहीं किया है, अमीर एवं गरीब के बीच खाई बढ़ी है। ओईसीडी देशों के भीतर, यह चार दशकों में सर्वाधिक है।

ऑक्सफैम के अनुसार सबसे संपन्न 85 लोगों के पास दुनिया की आधी आबादी के बराबर संपत्ति है। बढ़ती असमानता यह दिखाती है कि परंपरागत विकास कैसे जनहित एवं गरीबी के खिलाफ है। असमानता बढ़ने से गरीबी हटाने के प्रयासों को झटका लगा है। विश्व बैंक का अनुमान है कि आय में एक फीसदी वृद्धि से समान आय वाले देशों में गरीबी में 4.3 फीसदी की कमी आ सकती है, जबकि सबसे असमान आय वाले देशों में मात्र 0.6 फीसदी की कमी आती है। वैश्विक संदर्भों में; आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक अस्थिरता के साथ बढ़ती असमानता, बेरोजगारी का उच्चस्तर व गरीबी समावेशी विकास में बाधक हैं। समावेशी विकास जीडीपी वृद्धि से हटकर राज्य के उद्देश्यों की बात करता है। विकास यदि गरीबी में कमी एवं जनकल्याण में वृद्धि नहीं करता, तो यह सफल राज्य की पहचान नहीं है। इसलिए आर्थिक विकास दर को उपकरण के रूप में ही देखा जाना चाहिए।

समावेशी विकास हेतु आर्थिक विकास एवं असमानता एवं गरीबी के बीच संबंध को समझने की भी आवश्यकता है। समावेशी विकास हेतु असमानता और गरीबी से निपटने एवं विकास को बढ़ावा देने के प्रयास पारस्परिक रूप से मजबूत होने चाहिए, लेकिन यह स्वतः नहीं होगा। किसी देश की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए इस संबंध को मजबूत करने हेतु सक्रिय राज्य आवश्यक है। समावेशी विकास के बारे में अधिकांश चर्चा आय वृद्धि के तरीके पर केंद्रित हो जाती है, कि इसका लाभ गरीब आबादी को किस हद तक पहुंचा। ओईसीडी समावेशी विकास को उस रूप में परिभाषित करता है जिसमें आय के अलावा जनकल्याण के सूचक भी सुधरें। हमें समावेशी विकास को एक साधन नहीं, अपितु साध्य के रूप में समझने की भी जरूरत है। विकास दर की अपेक्षा गुणवत्ता को प्राथमिकता देनी होगी। यूएनडीपी मानव विकास को पहले रखने पर जोर देता है। जनकल्याण, मानव विकास के परिणाम से अधिक महत्वपूर्ण हैं। क्या आय वृद्धि को सामाजिक परिणामों में तब्दील किया जा सकता है?

समावेशी विकास रणनीति में कल्याण महत्वपूर्ण विचार हैं, यह परिणाम के बजाय भागीदारी के बारे में है। प्रत्येक व्यक्ति विकास के साथ निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी कर सके। साथ ही यह भी सुनिश्चित हो कि सभी विकास के लाभों को समान रूप से साझा कर सकें। लाभ के बंटवारे के बगैर भागीदारी, विकास को अन्यायपूर्ण बना देगी और भागीदारी के बिना लाभ बांटने से जन कल्याणकारी नहीं बन सकेगा। समावेशी विकास तथा कल्याणवादी दृष्टिकोण या फिर पुनर्वितरण पर ध्यान देने के विपरीत है। समावेशी विकास मात्र आय पुनर्वितरण के माध्यम से प्राप्त नहीं किया जा सकता है। रोजगार नीतियों के माध्यम से या भागीदारी में बाधाओं को दूर करके अवसरों को बढ़ाया जा सकता है। प्रश्न है कि सामाजिक उद्देश्यों को समन्वित कर विकास में सभी की सहभागिता को कैसे बढ़ाया जाए? यह मानने के बजाय कि समावेशी विकास हेतु जीडीपी में वृद्धि से सकारात्मक परिणाम स्वतः आएंगे, व्यापक उद्देश्य रखें एवं राज्य को उन उद्देश्यों को प्राप्त करने हेतु प्रयास करना होगा।

गरीबी और असमानता कम करते हुए अब सभी की भागीदारी को बढ़ावा देना होगा। मानव पूंजी में निवेश समावेशी विकास हेतु सार्वभौमिक कारक है। स्वास्थ्य एवं शिक्षा में निवेश समावेशी विकास से संबद्ध है। बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा का स्तर गरीब आबादी को आर्थिक विकास में भाग लेने और इससे लाभान्वित होने में सक्षम बनाता है। श्रम उत्पादकता पर प्रभाव के जरिए आर्थिक विकास पर प्रभाव होता है। गरीब अधिकांश आय रोजगार से प्राप्त करते हैं। इस बुनियादी तथ्य का अर्थ है कि रोजगार का स्तर, अवसर एवं गुणवत्ता, गरीबी में कमी हेतु महत्वपूर्ण है। श्रमबाजार की घटनाएं गरीबी में परिवर्तन लाती है। रोजगार अवसरों में कमी परिवारों के गुजर-बसर की क्षमता घटाती है। समावेशी विकास में सामाजिक-आर्थिक विकास की रफ्तार एवं तरीका दोनों शामिल हैं। सतत विकास की बुनियाद में समावेशी विकास ही है, और यही तो यही तो रामराज्य दर्शन है।

विचार

## राहत के उपाय भी खोजे रिजर्व बैंक

रिजर्व बैंक ने एक बार फिर देश को महंगाई के लिए तैयार रहने के संकेत दिए हैं। सवाल यह है कि जब देश कोविड पूर्व वाली स्थिति में आता दिख रहा है तो फिर रिजर्व बैंक महंगाई से निपटने में फेल होता क्यों दिखाई दे रहा है। शीर्ष बैंक बहाने छोड़ उपाय खोजे।




रिजर्व बैंक ने इस साल आर्थिक विकास दर सात फीसद रहने का अनुमान जताया है, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में करीब पौने दो फीसद कम है। इसीलिए गवर्नर शक्तिकांत दास ने घटती विकास दर और बढ़ती महंगाई को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने माना कि अगर महंगाई ऊंचे स्तर पर बनी रहती है, तो फिर वृद्धि और निवेश में जोखिम बढ़ सकते हैं। हालांकि रिजर्व बैंक अपनी ब्याज दरों में बदलाव करके कई बार महंगाई पर काबू पाने का प्रयास कर चुका है, मगर उसके अपेक्षित परिणाम नजर नहीं आए। उल्टा आवास, वाहन, कारोबार आदि के लिए कर्ज लेने वालों पर ब्याज का बोझ और बढ़ गया है। बैंकों से कर्ज लेने के प्रति लोगों में अनुत्साह नजर आने लगा है। यह सच्चाई छिपी नहीं है कि आर्थिक विकास दर में सुस्ती और महंगाई की दर ऊंची बने रहने के पीछे असल वजहें क्या हैं। शक्तिकांत दास ने भी स्वीकार किया कि विनिर्माण और खनन क्षेत्र में खराब प्रदर्शन की वजह से आर्थिक विकास दर को ऊंचा रख पाना कठिन बना हुआ है।

इसके अलावा बढ़ता राजकोषीय व व्यापार घाटा, जीवाश्म ईंधन के आयात पर निर्भरता आदि के चलते महंगाई पर नियंत्रण कर पाना कठिन है। कृषि क्षेत्र में उपज बढ़ने से जींसों की कीमतों में कुछ नरमी जरूर आ सकती है, पर भारी उद्योग के क्षेत्र में सुस्ती चिंता का सबब बनी हुई है। यह अच्छी बात है कि रिजर्व बैंक के गवर्नर ने आर्थिक स्थिति को बड़ी साफगोई से बयान किया, मगर लोग उनसे यह नहीं सुनना चाहते कि विकास दर पहले की तुलना में घटेगी और महंगाई का रुख ऊपर की तरफ बना रहेगा। आम जन तो इस समस्या से पार पाना चाहते हैं। इसके उपाय सोचना रिजर्व बैंक और वित्त मंत्रालय का काम है। विकास दर को बेहतर बनाने और महंगाई को लोगों की सहनशक्ति के स्तर लाने के लिए जरूरी है कि आयात को कम किया और निर्यात को बढ़ाया जाए। मगर स्थिति यह है कि पिछले सालों में लगातार आयात बढ़ और निर्यात घट रहा है।

विनिर्माण के क्षेत्र में चिंताजनक स्थिति बनी हुई है। इस समय पूरी दुनिया में मंदी की छाया है, इसलिए विश्व बाजार में भारतीय उत्पाद की खपत बढ़ाना बड़ी चुनौती है। आयात पर निर्भरता बढ़ती जाने का नतीजा यह है कि विदेशी मुद्रा भंडार कम हो रहा रहा है। विदेशी कर्ज का बोझ काफी बढ़ा है, जिसका ब्याज चुकाना ही भारी पड़ रहा है। ऐसे में लंबे समय तक कच्चे तेल के आयात को लेकर चिंता जताई जाने लगी है। फिर भी घरेलू बाजार और घरेलू उत्पाद को प्रोत्साहित करने की योजनाओं पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में रिजर्व बैंक का केवल चिंता प्रकट किया जाना निराशा पैदा करता है। अब जबकि सरकार खुद कह रही है कि देश कोविड की पहली वाली स्थिति में आ रहा है तो रिजर्व बैंक के पास कोई बहाना नहीं होना चाहिए। रिजर्व बैंक अपनी नीतियों की समीक्षा करे और देश के लोगों को महंगाई से निजात दिलाने के उपाय खोजे।

# युवाओं को बनाना होगा योग्य



देश में बेरोजगारी कम धैर्यवान निवेशकों की बहुत बड़ी जरूरत है। हमें देश-विदेश की बड़ी संस्थाओं का ध्यान अपने यहां निवेश करने के लिए खींचना सीखना होगा। उन कंपनियों का भरोसा जीतना होगा जो हमारे यहां लंबे समय तक निवेश कर व्यवसाय करना चाहती हैं। इस दिशा में गंभीर प्रयास करने होंगे। हमें समझना होगा कि बेरोजगारी की समस्या से लड़ने के लिए हमें कई स्तरों पर प्रयास करने होंगे।

**बेरोजगारी** किसी भी देश के लिए सामाजिक विकास का प्रमुख सूचक है। देश में लोगों के पास रोजगार की उपलब्धता से विकास का पहिया घूमता दिखाई पड़ता है। हाल ही में सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनामी द्वारा जारी आंकड़ों को देखें तो दिसंबर 2022 के आखिरी महीने में भारत की बेरोजगारी दर 8.3 प्रतिशत तक पहुंच गई। यह बीते डेढ़ सालों में सबसे अधिक रही है। शहरों में बेरोजगारी की दर सर्वाधिक देखी गई जो 10 फीसदी से भी अधिक है। ग्रामीण क्षेत्रों में 7.4 प्रतिशत की बेरोजगारी दर देखी गई है। विश्लेषकों का मत है कि इस नए साल 2023 में केंद्र व राज्य सरकारों के लिए बेरोजगारी पर काबू पाना एक अहम चुनौती है। पिछले कुछ वर्षों में अगर हम देखें तो तमाम स्टडीज बताती हैं कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में कोई खास उछाल नहीं दिखाई पड़ता है।

बाजार के जानकार कहते हैं कि उत्पादन में कमी का आशय मांग में कमजोरी है। यदि मांग नहीं होगी तो बाजार में मंदी होगी। इससे बहुत से लोगों के पास काम धंधा नहीं रह जाता। नतीजा लगातार बढ़ती बेरोजगारी। ऐसी कुछ परिस्थितियां हमारे यहां बढ़ती ही जा रही हैं। तमाम विश्लेषण तो यही कह रहे हैं। अब अगर बेरोजगारी के आंकड़ों को एक घड़ी के लिए इधर रख कर भी अगर हम देखें तो अपने आस पास हमें बहुत से ऐसे नौजवान दिख जाएंगे जो नौकरियों की तलाश में आए दिन घूमते रहते हैं। हमारे जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश के लिए चिंता का एक प्रमुख विषय लगातार शिक्षित बेरोजगारी का बढ़ना भी है। ध्यान देने की बात है कि अगर हमारे यहां उच्च शिक्षा हासिल करने वालों की संख्या भी साल दर साल बढ़ती जा रही है। इसके सापेक्ष देश के जॉब मार्केट में अनुपातिक रूप में बहुत कम लोग ही नौकरियां पा रहे हैं।

किसी एक कंपनी में एक साधारण से एक्जिक्यूटिव या ऑफिस असिसटेंट की जॉब के लिए सैकड़ों युवा अपनी किस्मत आजमाते हैं। अगर सरकारी नौकरी हो, भले ही वह कॉन्ट्रैक्ट की हो तो उसके लिए तो हजारों की संख्या में युवा आवेदन करते हैं। किसी सरकारी ऑफिस में एक चपरासी के पद के लिए पीएचडी, इंजीनियरिंग और अन्य उच्च शिक्षा की डिग्री हासिल किये हुए युवा भी लाइन में खड़े दिख सकते हैं। ऐसी बातें मीडिया की खबरें भी बनती हैं। बहरहाल हर अंतराल पर कई तरह के सर्वे और रिसर्च स्टडीज, डाटा इत्यादि पर आधारित मीडिया की सुर्खियां बताती हैं कि हमारे अधिकांश ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रैजुएट स्टूडेंट नौकरियों की स्किल्स नहीं होने के कारण नौकरियों में भर्ती नहीं हो पाते। तो यह भी बेरोजगारी बढ़ने का अहम कारण है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि देश में साल 2019 तक लगभग 18 करोड़ बेरोजगार थे। जानकारों का मानना है कि बीते वर्षों में इसमें 11 फीसदी या इससे कुछ अधिक का इजाफा हुआ है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन ने 2022 में वर्ल्ड एंप्लॉयमेंट एंड सोशल आउटलुक ट्रेन्ड 2022 नाम का एक दस्तावेज जारी किया।


दस्तावेज में अनुमान था कि कोविड के आने के बाद दुनिया भर में कामकाज की स्थितियां बेहतर होने में अभी कुछ और वक्त लग सकता है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि कोविड-19 के अलग-अलग वेरिएंट जैसे कि डेल्टा या ऑमिक्रॉन इत्यादि का भी रोजगार पर भविष्य में सीधा असर पड़ेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि महामारी या और लॉकडाउन लगने जैसी परिस्थितियों से बाजार में कई तरह की अनिश्चितताएं होती हैं। इसके चलते स्वास्थ्य, सुरक्षा, समानता तथा सामाजिक सुरक्षा इत्यादि व्यवस्थाओं पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। इससे बाजार में मौजूद रोजगार के अवसर कम होते हैं। जो नौकरियां होती हैं उन पर भी कई तरह के संकट आ जाते हैं। हमने देखा है कि कोविड-19 के दौरान हमारे देश में भी अनेक क्षेत्रों में नौकरियों पर संकट छाया रहा। वर्क फ्रॉम होम जैसी सुविधाजनक लगने वाली काम की परिस्थितियां सभी क्षेत्रों में लागू नहीं हुई और लंबे समय तक अनेक छोटे बड़े संस्थानों ने कर्मचारियों के वेतन व भत्तों आदि में भी कटौती की। संगठित क्षेत्रों में इस तरह की कटौती होने से असंगठित क्षेत्रों में काम करने वाले कर्मचारियों के वेतन और भत्तों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़े।

बहरहाल कोविड के बाद परिस्थितिंया धीरे-धीरे ही सही लेकिन सामान्य होने की दिशा में जा रही हैं। लेकिन जॉब मार्केट में हालात ग्लोबल स्तर भी अच्छे नहीं हैं। बड़ी-बड़ी कंपनियां अब भी छंटनियां कर रही हैं। हमारे यहां लोकल स्तर पर भी हालात सुधरने में वक्त लगना तय है। देशभर में बेरोजगारी बहुत विकराल रूप में दिखती है। बाजार में नौकरियां इसके अनुपात में दिखती ही नहीं। इसे समझने किसी प्रकार के अर्थशास्त्र के ज्ञान की आवश्यकता नहीं है कि अगर लोगों के पास किसी भी तरह का रोजगार होगा तो उनके पास पैसा होगा जिसे वे खर्च कर सकते हैं। और यह खर्च किया हुआ रुपया ही बाजार में आता है। इससे दूसरे कई लोगों के लिए धंधा-पानी का जुगाड़ होता है। नौकरियां तो अहम हैं। इसके लिए रोजगार के अवसर निर्माण की दिशा में काम करना जरूरी है। अब बड़ा प्रश्न। नौकरियां मिले कैसे। क्या हर किसी के लिए नौकरी ही आय का प्रमुख स्रोत हो सकती है। इसके दो जवाब हो सकते हैं। हां भी और नहीं भी। नौकरियां तो स्किल्स से मिलेंगी। सरकारी भी और निजी भी। लेकिन हर किसी के लिए नौकरी ही आय का मुख्य जरिया नहीं हो सकती।

बहुत से लोग खुद के व्यवसाय से भी आय अर्जित करते हैं। लेकिन फिर भी बेरोजगारी दूर करने के लिए नौकरियों के अवसर तैयार करना ही सबसे बड़ा और प्रभावी कदम हो सकता है। तो ऐसा कैसे किया जा सकते है। इसे कुछ बातों से समझें तो तस्वीर कुछ हद तक साफ हो सकेगी। हमारे यहां हर साल लाखों युवा कॉलेजों से निकल कर जॉब खोजते हैं। बहुत कम लोग ही स्वरोजगार की तरफ जाते हैं। युवाओं के पास मार्केट को समझने की कोई खास स्किल्स या ट्रेनिंग नहीं है। हमारे यहां सरकारी नौकरियों की संख्या भी बढ़ नहीं रही है। ऑफिसों में खूब काम है पर नौकरियां आनुपातिक रूप में कम निकलती हैं। निजी क्षेत्र की नौकरियां निकलने वाले सिस्टम का कोई खास ढांचा नहीं है। इस पर फोकस कर जरूर कुछ किया जा सकता है। सरकारों को अपने तंत्र में मौजूद नौकरियों का एक रिव्यू करना चाहिए। रिटायरमेंट की उम्र का भी रिव्यू करें। हमारे देश में गर्वनमेंट के सर्विस सेक्टर में खूब नौकरियों के अवसर हैं।

सिस्टम्स में अवसरों की मौजूदगी को देखना होगा। निजी क्षेत्रों में नौकरियां देने वाले उद्यमों के लिए भी कानून बनें कि वे अपने यहां काम करने वाले लोगों को अच्छा वेतन तथा भत्ते आदि दें। हमें एक सस्टेनेबल जॉब मार्केट भी चाहिए। और अंत में। बेरोजगारी कभी खत्म नहीं हो सकती। हां इसे बहुत कम जरूर किया जा सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि साल दर साल युवा बाजार में रोजगार के लिए आते रहेंगे। स्कूलों, कालेजों से निकले ये युवा नौकरियों की तलाश में बाजार में भटके नहीं तो हम इसके लिए क्या कर सकते हैं। इस सवाल का जवाब कुछ तथ्यों में छिपा है। हमें अपने देश की मौजूदा मार्केट इकॉलाजी पर कुछ काम करने की जरूरत है। भारत युवा आबादी वाला एक बहुत विशाल देश है। वर्कफोर्स के लिहाज से देखें तो यहां कई संभावनाएं दिखती हैं। हमारे पास बहुत बड़ा बाजार है। इसका इस्तेमाल करना होगा।

### ट्विटर



विनिर्माण और खनन क्षेत्र में खराब प्रदर्शन की वजह से आर्थिक विकास दर को ऊंचा रख पाना कठिन बना हुआ है। इसलिए देश के लोगों को अभी झटका सहना पड़ सकता है।

**शक्तिकांत दास, गवर्नर रिजर्व बैंक**




रिजर्व बैंक की नीतियों की वजह से लोगों को महंगाई का दंश भोगना पड़ रहा है। जबकि सरकार का दावा है कि अर्थव्यवस्था बढ़ती जा रही है। इन सबमें बेहाल जनता है।

**पवन खेड़ा, कांग्रेस नेता**

सत्यार्थ

## सकारात्मक सोच जरूरी



काम के शुरुआत में हमारी इच्छा होती है कि हमें बिना बाधा के सफलता मिल जाए, लेकिन ऐसा बहुत कम होता है। काम करेंगे तो बाधाएं भी आएंगी, कभी-कभी बहुत ज्यादा मुश्किलें बढ़ जाती हैं, बार-बार असफलताएं मिलने लगती हैं। ऐसी स्थिति में कुछ लोग निराश होकर अपना लक्ष्य ही बदल लेते हैं। हमें हर परिस्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए और जो बदलाव हो रहे हैं, उन्हें सकारात्मकता के साथ अपनाना चाहिए। हम ये बातें श्रीराम के सीख सकते हैं। रामायण में श्रीराम के राज्याभिषेक से जुड़ी सारी तैयारियां हो गई थीं। अयोध्या के लोग बहुत खुश थे कि राम राजा बनेंगे। श्रीराम को भी ये बात मालूम हो गई थी। सारी बातें अनुकूल थीं, लेकिन राज्याभिषेक से ठीक पहले रात में कैकयी मंथरा की बातों में उलझ गईं। मंथरा कैकयी को श्रीराम के खिलाफ ऐसा भड़काया कि वे कोप भवन में जाकर बैठ गईं। राजा दशरथ को जब ये मालूम हुआ तो वे तुरंत कोप भवन में पहुंचे। उस समय कैकयी ने राजा दशरथ से अपने दो वर मांग लिए। पहला, भरत को राज्य और दूसरा, राम को 14 वर्षों का वनवास। राजा दशरथ ने कैकयी को समझाने की बहुत कोशिश की, लेकिन कैकयी अपनी बात टिकी रहीं। हार कर राजा दशरथ ने ये बात श्रीराम को बताई। श्रीराम ने पूरी बात ध्यान से सुनी और अपने पिता के वचनों को पूरा करने के लिए तैयार हो गए। जिस समय श्रीराम का राज्याभिषेक होना था, उसी समय राम को वनवास जाना पड़ा, लेकिन वे इस बात से भी निराश नहीं हुए थे। उन्होंने धैर्य रखा और सकारात्मक सोच के साथ इस बदलाव को स्वीकार किया। इस प्रसंग में श्रीराम ने संदेश दिया है कि समय कभी भी बदल सकता है, इसलिए हर परिस्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए। ऐसा जरूरी नहीं है कि हर काम हमारी मर्जी के हिसाब से ही हो। अगर हालात हमारे लिए सही नहीं हैं तो धैर्य रखें और सकारात्मक सोच के साथ बदलाव को स्वीकार करें, तभी जीवन में सुख-शांति रह सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### पसगवां पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित तीन को किया गिरफ्तार



**पसगवां खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी के कुशल मार्गदर्शन में एवं थानाध्यक्ष पसगवां के नेतृत्व में थाना पसगवां पुलिस बल द्वारा मु0अ0सं0 376/2023 धारा 2(क्ष)(द्व)/3 यूपी गैंगस्टर एक्ट में नामित/वांछित तीन अभियुक्तगण पवन राठौर पुत्र शिवप्रेम निवासी ग्राम बरखेरियाजाट थाना पसगवाँ जनपद खीरी व अंकित पुत्र प्रतिपाल निवासी ग्राम बरखेरियाजाट थाना पसगवाँ जनपद खीरी व रामजी पुत्र श्रीकृष्ण निवासी ग्राम बरखेरियाजाट थाना पसगवाँ जनपद खीरी को मुखबिर की सूचना पर ग्राम बरेखिरयाजाट से गिरफ्तार किया गया।अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को चालान मा0 न्यायालय भेजा गया है।

### बाइक सवार युवकों को अनियंत्रित ट्रक ने रौंदा, एक की मौत, दूसरा घायल



**संपर्क दूत/ रूद्रपुर (देवरिया)।** सुरौली थाना क्षेत्र के ग्राम कोईलगड़हा के खपड़हवा टोला निवासी मोटरसाइकिल सवार युवक को कसया के निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाकिल पर सवार एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि बाइक सवार दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार सुरौली थाना क्षेत्र के ग्रामसभा कोईलगड़हा के खपड़हवा टोला निवासी रामबली निषाद का पुत्र जितेन्द्र निषाद (उम्र लगभग 32 वर्ष) मंगलवार को मोटरसाइकिल से अपने एक रिश्तेदार युवक के साथ कसया किसी मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए जा रहा था । रास्ते में तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे बाईक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल जितेन्द्र निषाद को मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर किया । किन्तु वहां भी चिकित्सकों ने हालत में सुधार न होता देख लखनऊ के लिए रेफर कर दिया ।

# मतदाता के विशेष पुनिरीक्षण कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार ने किया औचक निरीक्षण

## ➲ अनेको बीएलओ मिले नदारत, कारवाई के लिऐ पत्र किया प्रेषित,मचा हडकंप

**संपर्क दूत ■ मोहम्मदी खीरी**



विधानसभा क्षेत्र मे चल रहे विशेष मतदाता पूनिरीक्षण कार्यक्रम के तहत उप जिलाधिकारी डॉक्टर अवनीश कुमार ने बताया कि अभी तक चलाए गये अभियान मे विधानसभा मे लगभग 3000 नये मतदाता बने है,तथा इस कार्यक्रम को और गतिशील बनाने के लिऐ विशेष अभियान भी अन्य अधिकारियों के माध्यम से चलाया जा रहा है,उपजिलाधिकारी ने बताया कि कि ऐ कार्यक्रम 09 दिसंबर तक चलेगा, वही 02 दिसंबर को तहसील से मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली जाऐगी,वही उन्होंने बताया कि पिछले माह 21 जुलाई से 21अगस्त तक मतदाता जागरूकता के चलाऐ गये अभियान मे 5 हजार नये मतदाता बने है,इसी लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी लोग लगे हैं वहीं उप जिला अधिकारी डॉक्टर अवनीश कुमार ने बताया कि मेरे और तहसीलदार नीलम तिवारी के माध्यम से अनेकों विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया,जिसमे नगर क्षेत्र के जेपी इंटर कॉलेज, युग निर्माण पाठशाला, सरैया प्राथमिक विद्यालय ,पीडी इंटर कॉलेज मे कुछ बूथो पर बीएलओ अनुपस्थिति मिले जिनके विरुद्ध जिले के अधिकारियों को कारवाई के लिऐ पत्र प्रेषित किया गया है। वहीं उन्होंने बताया ग्रामीण क्षेत्रों में बीएलओ और सहायक अध्यापक अनुदेशक और बीएलओ भी अनुपस्थित मिले जिसमे सहदेवा, सहजनिया,गुलौली,साहब गंज, मुकंदपुर सहित अन्य विद्यालय रहे जिनके खिलाफ पत्र भेज कर कार्रवाई के लिए प्रेषित किया गया है । उपजिलाधिकारी और तहसीलदार ने सभी से इस मतदाता जागरूकता अभियान में बढ़कर सहयोग करने की अपील की है।जो युवा जनवरी 20 24 को 18 वर्ष की आयू पूरी कर रहे है ।वो नये मतदाता बनने का अवसर प्राप्त करें।

> ❍ कार्यक्रम को और गतिशील बनाने के लिऐ विशेष अभियान भी अन्य अधिकारियों के माध्यम से चलाया जा रहा है

### बेकाबू कार ने चार लोगों को टक्कर मारी : तीन की मौत, एक की हालत गम्भीर

**जौनपुर (उप्र)।** जौनपुर जिले के जफराबाद कस्बे में बुधवार को एक बेकाबू कार की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई तथा एक अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) कुलदीप गुप्ता ने बताया कि समैसा गांव निवासी ओमकार यादव की बेटी जया की मंगलवार को शादी थी और बुधवार सुबह बारात विदा हो गई, मगर कोई जरूरी सामान छूट गया था। उन्होंने बताया कि ओमकार का पुत्र देवा आशीष यादव वह सामान देकर अपने एक साथी के साथ सिरकोनी धौरहरा से लौट रहा था और रास्ते में जफराबाद कस्बे में स्थित एक गुमटी के पास यादव की कार तेज रफ्तार के कारण बेकाबू हो गई और वहां बैठकर चाय पी रहे तीन लोगों को रौंदने के बाद उसने पास से गुज़र रही मोटरसाइकिल को भी टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि कार से कुचलने से सेवा लाल (70), राजदेव यादव (62) और शाहनवाज (26) नामक व्यक्तियों की मृत्यु हो गई।

## संक्षिप्त खबरें

### थाना मितौली पुलिस द्वारा, सोशल मीडिया के माध्यम से अभद्र धार्मिक टिप्पणी करने के वांछित अभियुक्त जमशाद पुत्र रियाज को गिरफ्तार किया गया




**संपर्क दूत ■ दिनेश सिंह सोमवंशी**

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत क्षेत्राधिकारी मितौली महोदय के कुशल मार्गदर्शन में आज दिनांक 29.11.2023 को थाना मितौली पुलिस टीम द्वारा सोशल मीडिया पर हिंदू देवी देवताओं को गाली देकर किए गए पोस्ट से संबंधित मु0अ0सं0 543/2023 धारा 295ए भादवि व 67 आई0टी एक्ट में वांछित अभियुक्त जमशाद पुत्र रियाज निवासी कस्बा व थाना मितौली जनपद खीरी को घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार किया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### स्व. अरविंद गिरि आल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच में गौरीफंटा टीम को 03-01 से हराकर सहारा एफसी लखनऊ बनी विजेता



**संपर्क दूत ■ करन सिंह**

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी** नगर के श्री राजेन्द्र गिरि स्मारक स्टेडियम में चल रहे स्व. अरविंद गिरि फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच में गौरीफंटा इलेवन टीम को 03-01 हराकर सहारा एफ.सी. टीम ने ट्रॉफी पर कब्जा किया। श्री राजेन्द्र गिरि स्मारक स्टेडियम में चल रहे स्व. अरविंद गिरि आल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच टूर्नामेंट के आयोजक गोला विधायक अमन अरविंद गिरि, मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह व विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा, मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह व नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रारम्भ कराया। मैच शुरू होते ही गौरीफंटा टीम ने सहारा लखनऊ टीम पर हावी होते हुए 22 वें मिनट पर एक गोल कर स्टेडियम में काफी संख्या में मौजूद दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उसके बाद मैच में उत्साह और बढ़ गया। इसके बाद गौरीफंटा टीम के खिलाड़ी द्वारा फाउल हुआ, जिसमे सहारा लखनऊ टीम को पेनाल्टी किक मिला और सहारा लखनऊ टीम के खिलाड़ी ने गोल कर मैच को 01-01 से बराबरी पर ला दिया। जिसके बाद सहारा लखनऊ टीम भी मैच में हावी हुई और निर्धारित समय तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं। अंत मे निर्णायक मंडल द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार दोनों टीमों के मध्य हुए ट्राई वेकर में सहारा एफ.सी लखनऊ की टीम 03-01 से विजय हुई। विजेता टीम को 51 हजार व उपविजेता टीम को 25 हजार रुपए की चेक टूर्नामेंट कमेटी की तरफ से प्रदान की गई। मैच के दौरान कमेंट्री राजेन्द्र कुमार निषाद ने किया। मैच के दौरान पूरा स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा रहा और बराबर ताली बजाकर दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान पूरे टूर्नामेंट में सहयोगी लोगों और पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी गोला रत्नाकर मिश्रा, कोतवाल इंद्रजीत सिंह, टूर्नामेंट कमेटी अध्यक्ष व लाल्हापुर प्रधान जनार्दन गिरि, मधुसूदन गिरि, टूर्नामेंट कमेटी सचिव धर्मेंद्र गिरि मोंटी, सीजीएपीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. ओपी मिश्र, सुरेंद्र शर्मा, अवधेश मिश्रा, डॉ. पीयूष शुक्ला, रामगुलाम पांडेय, ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा, पंकज गुप्ता, जैनुद्दीन अंसारी, राजेश गिरि, रामअवतार विश्वकर्मा, सभासद आनन्द सोनी, भोली गिरि, कमाल अहमद, पंकज तिवारी, अन्नू दीक्षित, विनय गुप्ता, राजन साहनी, शत्रोहन मिश्रा, रविन्द्र कटियार, कपिल भारती सहित काफी सँख्या में क्षेत्र व नगरवासियों ने मौजूद रहकर मैच का आनन्द उठाया।

# बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिया गया: विनोद सिंह

**संपर्क दूत ■ ब्यूरो**



**देवरिया।** बुधवार को उ.प्र. जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ देवरिया के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपा जिसमें शिक्षा निदेशक बेसिक उत्तर प्रदेश निशातगंज लखनऊ के पत्रांक शि.नि.बे. 55 246- 342/ 2023 - 24 दिनांक 01.11. 2023 को दिनांक 01.04.2005 या उसके बाद नियुक्त ऐसे शिक्षकों जिनका विज्ञापन मौलिक नियुक्ति हेतु दिनांक01.04.2005 के पूर्व प्रकाशित हुआ था। युक्त सूचना बनाने में बी.टी.सी. 2001, बी.टी.सी. 2004 तथा उर्दू बी.टी.सी. 2005 के शिक्षकों का नाम शिक्षा निदेशक को दी गई सूचना में अंकित नहीं है ।जबकि अन्य जनपदों में सबकी सूचना भेजी गई है । उक्त सूचना को प्रेषित करने हेतु जनपद में भी एक आदेश निर्गत किया जाए ।तथा बेसिक शिक्षकों के प्रोन्नत वेतनमान स्वीकृत करने हेतु वरिष्ठता सूची प्रकाशित करने मांग संगठन बार-बार करते आ रहा है।संगठन पुनः मांग करता है कि तीनों पदों की वरिष्ठता सूची शीघ्र प्रकाशित किया जाए । संगठन निवेदन करता है कि उपरोक्त दोनों समस्याओं का समाधान करने के लिए समय निर्धारित कर संगठन को लिखित रूप से अवगत कराने की कृपा करें ।इस अवसर पर विनोद कुमार सिंह, नंदलाल,अशोक सिंह, कृपा नारायण सिंह ,अमर नाथ प्रसाद, राशिद अली, नवनाथ मौर्य ,लल्लन सिंह, पवन बरनवाल ,समीउल्लाह ,उदय प्रताप सिंह, नीलम सिंह , सईदा अफरोज,रंजना भारती आदि पदाधिकारी /शिक्षक उपस्थित थे।

# यातायात माह के अवसर पर यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**संपर्क दूत ■ दिनेश सिंह सोमवंशी**




**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में चलाये जा रहे यातायात माह के अंतर्गत आज दिनाँक 29.11.2023 को रानी लक्ष्मीबाई कन्या इण्टर कॉलेज शहाबुद्दीनपुर खीरी में यातायात माह मनाया गया जिसमें युगेंद्र पाल सिंह (प्रभारी यातायात खीरी) व जैनेंद्र शर्मा, पंकज कुमार, सर्वेश वर्मा प्रधानाचार्य रानी लक्ष्मीबाई कन्या इंटर कॉलेज के द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया और छात्र /छात्राओं को यातायात सम्बन्धी नियमो की महत्वपूर्ण जानकारी दी। कैसे हम सभी यातायात के नियमो को अपनाकर सुरक्षित रह सकते है। इसके अलावा दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करे, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करे, वाहन धीमी गति से चलाये, नशे की हालत में वाहन न चलाये, रोड किनारे लगे सड़क संकेतो को देखकर ही वाहन चलाये आदि के संबंध में प्रभारी यातायात ने स्टूडेंट्स को जागरूक किया और बताया कि अगर कोई स्टूडेंट्स जिसकी उम्र 16 वर्ष हो गयी है उसका भी ड्राइविंग लाइसेंस अब बन जायेगा और स्टूडेंट्स को यातायात सम्बन्धी नियमों की शपथ भी दिलायी गयी तथा डायल 112, 108 और वीमेन हेल्पलाइन नम्बर 1090 के बारे मे भी जानकारी बच्चो को दी गयी। कार्यक्रम के अन्त में प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम में आए हुए टी एस आई (प्रभारी यातायात निरीक्षक) व उनकी टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। इस कायर्क्रम में यातायात जागरूकता टीम के सदस्य श्री युगेंद्र पाल सिंह, जैनेंद्र शर्मा, पंकज कुमार आदि उपस्थित रहे। साथ मे विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सर्वेश कुमार वर्मा, सत्येंद्र कुमार, भूपेन्द्र कुमार,सुशील, श्याम किशोर, योगेश वर्मा ,अभिषेक यादव, प्रवीण कुमार, नियामत अली, पूजा, निधि द्विवेदी, प्रिया, प्रियांशी ,अंजलि, सरिता, अवनीश कुमार, कुसुम लता,नेहा, उवैद रजा, कमल कुमार, हर्षिता बाजपेई, सुशील कुमार, विपिन कुमार आदि स्टॉफ के लोग उपस्थित रहे।

# भतीजों ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर किया चाचा के मकान पर कब्जा विरोध करने पर दी जान से मारने की धमकी

**संपर्क दूत ■ ब्यूरो**



**शाहजहांपुर** जलालाबाद भाजपा सरकार आने के बाद लोगों में उम्मीद जगी थी की अब उनकी जमीनों पर अवैध कब्जे और शोषण बंद होगा लेकिन हो उसके विपरीत रहा है आमजनमानस से लेकर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे धड़ल्ले के साथ जारी हैं जिसमें प्रशासन बराबर का हिस्सेदार है। कब्जा करने बाले कोई और नही वह भी भाजपा के ही पदाधिकारी है जो कि प्रशासन को गुमराह कर उनके ऊपर दबाव बनाकर फर्जी तरह से जमीनों पर कब्जा करने पर उतारू हैं भाजपा सरकार में अपनी जमीन को कब्जा मुक्त करवाने के लिए बुजुर्ग व्यक्तियों के पास आत्महत्या के अलावा कोई रास्ता नही बचा है पीड़ित बुजुर्ग ने कहा यदि उनकी जमीन कब्जा मुक्त नही होती है तो वह मुख्यमंत्री कार्यालय के सामने जाकर आत्महत्या कर लेंगे जिसकी जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन और उनके भतीजे दीपक मिश्रा और सुबोध मिश्रा की होगी।कृष्ण कुमार, रामकुमार व हरिशंकर मिश्रा ने जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक एसडीएम जलालाबाद पुलिस क्षेत्राधिकारी जलालाबाद व कोतवाल जलालाबाद को प्रार्थना पत्र देकर बताया की उनका एक मकान (बग्गर)कानून गोयान वार्ड रामनगर जलालाबाद में है जिस जगह का क्रय पत्र तीन भाईयों के नाम अलग अलग रजिस्ट्री सुदा बैनामा कराया था।कृष्ण कुमार, रामकुमार व हरिशंकर मिश्रा पुत्रगण स्वर्गीय देवीचरण निवासी मोहल्ला ब्रह्मनान जलालाबाद ने 1982 में खरीदा था जिसमें मुख्य गेट पर दरवाजा लगाकर दूध की डेयरी खुलवा दी थी डेयरी दो माह पूर्व बंद हो गई जिसपर पीड़ित भाईयों ने अपना ताला डाल दिया था।

7 नवम्बर 2023 को दीपक मिश्रा और सुबोध मिश्रा उर्फ लालू ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर दरवाजे का ताला तोड़ दिया जिसकी जानकारी कृष्ण कुमार, रामकुमार व हरिशंकर मिश्रा को हुई तो वह मौके पर पहुंचे और ताला तोड़ने का विरोध किया विरोध करने पर दीपक मिश्रा व सुबोध मिश्रा और उनके सहयोगी गाली गलौज करने के साथ ही मारने पीटने पर आमादा हो गये जिसके बाद दीपक मिश्रा ने फोन कर पुलिस को बुलाया मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने कृष्ण कुमार, रामकुमार व हरिशंकर मिश्रा से मकान का बैनामा माँगा पीड़ित हरिशंकर रामकुमार व कृष्ण कुमार ने मकान का वैनामा दिखाया जिसकी फोटो पुलिस कर्मियों ने खींच ली जिसके बाद पुलिस कर्मियों ने उल्टा पीड़ितों को ही हड़काया और शांत रहने की हिदायत दे डाली।

# झारखंड सरकार सिलक्यारा सुरंग से बचाए गए अपने श्रमिकों को हवाई मार्ग से रांची लाएगी

**एजेंसी ■ रांची**

झारखंड सरकार उत्तरकाशी की सिलक्यारा सुरंग से मंगलवार रात को बचाए गए 41 श्रमिकों में से अपने 15 लोगों को हवाई मार्ग से रांची लाने की तैयारी कर रही है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बुधवार को बताया कि झारखंड सरकार के अधिकारी उत्तराखंड में अपने समकक्षों के संपर्क में हैं और दिवाली पर सुरंग ढहने के तुरंत बाद राज्य की तीन सदस्ईय टीम घटनास्थल पर पहुंच गई थी।

झारखंड के श्रम सचिव राजेश कुमार शर्मा ने पीटीआई-भाषा को बताया, हमारे श्रमिक आज (बुधवार) दोपहर करीब दो बजे स्वास्थ्य जांच के लिए एम्स ऋषिकेश पहुंचे। उत्तराखंड सरकार ने उन्हें चिकित्सा निगरानी में रखा है। जैसे ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिलेगी हम उन्हें हवाई मार्ग से रांची लाएंगे। उत्तरकाशी में सुरंग के ढह जाने से उसमें फंसे 41 श्रमिकों को 17 दिन के अभियान के बाद मंगलवार को बाहर निकाल लिया गया। शर्मा ने बताया कि श्रमिकों को बुधवार दोपहर एक हेलिकॉप्टर से एम्स ऋषिकेश भेजा गया। उत्तराखंड के अधिकारियों के हवाले से उन्होंने बताया कि श्रमिकों को अस्पताल में 24 घंटे के लिए निगरानी में रखा गया है। उन्होंने कहा, एक बार सभी प्रक्रिया पूरी हो जाए, हम अपने श्रमिकों को देहरादून से नई दिल्ली लाएंगे और यहां से वे लोग रांची के लिए उड़ान भरेंगे। ऐसा इसीलिए क्योंकि देहरादून और रांची के बीच कोई सीधी उड़ान नहीं है। झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और असम के फंसे श्रमिकों को मंगलवार को बचा लिया गया।

**आयोजक** | उसके बाद मैच में उत्साह और बढ़ गया उसके बाद गौरी फंटा टीम के खिलाड़ी द्वारा फाउल हुआ

# स्वर्गीय अरविंद गिरी फुटबाल टूर्नामेंट का फाइनल मैच सहारा एफ सी टीम का ट्रॉफी पर कब्जा

**संपर्क दूत ■ गोला गोकर्णनाथ खीरी**

नगर श्री राजेंद्र गिरी स्मारक स्टेडियम में चल रहे स्वर्गीय अरविंद गिरी फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच में गौरीफंटा 11 टीम को 3-1 से हराकर सहारा एफ सी टीम ने ट्रॉफी पर कब्जा किया है श्री राजेंद्र गिरी स्मारक स्टेडियम में चल रहे स्वर्गीय अरविंद गिरी ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच टूर्नामेंट के आयोजक गोला विधायक अमन गिरी मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह व विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह व नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रारंभ कराया। मैच शुरू होते ही गौरीफंटा टीम ने सहारा लखनऊ टीम पर हावी होते हुए 22 वें मिनट पर गोल कर स्टेडियम में काफी



संख्या में मौजूद दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उसके बाद मैच में उत्साह और बढ़ गया उसके बाद गौरी फंटा टीम के खिलाड़ी द्वारा फाउल हुआ, जिसमें शहर लखनऊ टीम को पेनाल्टी किक मिला और सहारा लखनऊ टीम के खिलाड़ी ने गोल कर मैच को 1-1 से बराबरी पर ला दिया। इसके बाद सहारा लखनऊ टीम भी मैच में हावी हुई और निर्धारित समय तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं। अंत में निर्णायक मंडल द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार दोनों टीमों के मध्य हुए ट्राई ब्रेकर में सहारा एफ सी लखनऊ की टीम 3-1से विजय हुई विजेता टीम को 51 हजार उप विजेता टीम को ?25 हजार रूपए की चेक टूर्नामेंट कमेटी की तरफ से प्रदान की गई। मैच के दौरान पूरा स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा रहा और बराबर ताली बजाकर दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान पूरे टूर्नामेंट में सहयोगी लोगों और पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान उप जिलाधिकारी गोला रत्नाकर मिश्रा कोतवाल इंद्रजीत सिंह टूर्नामेंट कमेटी अध्यक्ष लाल्हापुर प्रधान जनार्दन गिरी, मधुसूदन गिरी टूर्नामेंट कमेटी सचिव धर्मेंद्र गिरी मोंटी, अवधेश मिश्रा, डॉक्टर पीयूष शुक्ला ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा, राजेश गिरी, राम अवतार विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में क्षेत्र व नगर वासियों ने मौजूद रहकर मैच का आनंद उठाया।

# आंधी आए या बिजली गुल, शाहजहांपुर के गांवों को पानी सप्लाई मिलेगी फुल

**संपर्क दूत ■ ब्यूरो**


**शाहजहांपुर** शाहजहांपुर के गांवों में अब बिजली गुल होने पर भी घर-घर तक की जाने वाली पानी सप्लाई नहीं रुकेगी। डेढ़ लाख लीटर की सोलर संचालित ओवर हैड टैंक पानी टंकी की यह केवल एक खासियत नहीं है। इस पानी टंकी के लिए लगाए गए सोलर पैनल से बिजली बनती है और उसी से पानी टंकी संचालित होती है। साढ़े छह घंटे में टयूबवेल से पानी टंकी भरी जाती है। क्लोरीन का उपयोग भी टंकी में जाने वाले पानी में किया जाता है। यह सब जानकारी पाकर शाहजहांपुर के सरकारी स्कूलों के बच्चे उत्साहित दिखे। उन्होंने पहली बार सोलर के




संचालित पानी टंकी देखी और उससे गांव-गांव में की जा रही पानी सप्लाई की प्रक्रिया को भी समझा नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की अनूठी पहल पर जल ज्ञान यात्रा का आयोजन किया गया। जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता सनी सिंह और बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार ने कलेक्ट्रेट ऑफिस से हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। स्कूली बच्चों को सबसे पहले सुजातपुर पाइप पेयजल परियोजना का भ्रमण कराया गया। उनको यहां बना ओवर हैड टैंक दिखाया गया। जल गुणवत्ता जांच की उपयोगिता बताने के साथ ही छात्रों को फील्ड टेस्ट किट प्रशिक्षित महिलाओं ने 11 तरह की जल गुणवत्ता जांच भी करके दिखाई। स्कूली बच्चों को योजना परिसर में ही पेयजल की महत्ता और उपलब्धता की जानकारी दी गई। उनको सामग्री प्रयोगशाला भी ले जाया गया। स्कूली बच्चों को नुक्कड़-नाटक के माध्यम से स्वच्छता और जल की महत्ता के प्रति जागरूक किया गया और हर घर जल योजना से ग्रामीणों को मिलने वाले लाभों की जानकारी भी दी गई।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री के ऐतिहासिक कदम से मजदूरों को मिली नई जिंदगी - डॉ0 मनीष



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** देश के उत्तराखंड राज्य के सिल्क्यारा सुरंग के अंदर 17 दिनों से फंसे 41मजदूरों के बचते ही देश में खुशी की लहर दौड़ गई। जिन श्रमिकों से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुलाकात कर उनके जज्बे को सलाम किया। वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भावुक हो बताया कि यह जीत हमारे देशवासियों की दुआएं और जबाज रेस्क्यू टीम की है। जिन्होंने अपनी जान पर खेल 12 नवंबर से फंसे 41 मजदूरों की 28 नवंबर के देर शाम जान बचा ऐतिहासिक कारनामा कर दिखाया। देश के इस नई जिंदगी के जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए रोहतास जिला के काराकाट विधानसभा के भावी भाजपा प्रत्याशी सह भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री डॉ0 मनीष रंजन ने बताया कि यह जीत देशवासियों की एकता व प्रधानमंत्री के ऐतिहासिक रेस्क्यू कदम की जीत है। जो पूरे विश्व में एक इतिहास रचने का अद्भुत करनामा कर दिखाया है।

### यातायात नियम उलंघन में पुलिस ने वसूला जुर्माना

**सासाराम (रोहतास)।** यातायात नियमों के पालन और सड़क दुर्घटनाओं में उतरोतर कमी लाने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा पूरे जिले में निरंतर वाहन जांच अभियान जारी है। जिनके दिशा-निर्देश पर 28 नवंबर को विभिन्न थाना क्षेत्रों में किए गए सघन वाहन चेकिंग अभियान में रोहतास पुलिस के द्वारा यातायात नियमों के विभिन्न धाराओं के तहत कुल 644000 रुपये की शमन राशि अधिरोपित की गई है। जिसको लेकर रोहतास पुलिस ने जनता से अपील करते हुए बताया कि सड़क सुरक्षा के तहत जारी नियमों का पालन तत्परता से करें।

### जनकल्याण शिविर में 149 लोगों ने जमा किया आवेदन

**काराकाट (रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र के दनवार पंचायत के पंचायत भवन दनवार में जनकल्याण शिविर का आयोजन जिला पदाधिकारी नवीन कुमार के निर्देश के आलोक में किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने अपने अपने समस्याओ से संबंधित 149 आवेदन दिये गये। जिसमें सबसे अधिक 112 आवेदन आवास को लेकर ग्रामीणों ने दिया है। इसके अलावा 25 राशनकार्ड के लिए जमीन विवाद से 07, पंचायती राज से 02, मनरेगा से 1, बाल विकास परियोजना से 01, पशुपालन विभाग से 04 सहित कुल 149 आवेदन प्राप्त किया गया।

# ओबीसी समाज को कांग्रेस ने सिर्फ वोट बैंक समझा जबकि भाजपा दे रही है हकः नायब सैनी

**मोदी-मनोहर सरकार ने गरीबों को दी 5 लाख रुपये तक के फ्री इलाज की पक्की गारंटी- नायब सैनी**

संपर्क दूत ■ गुरुग्राम

गुरुग्राम में अपने नागरिक अभिनंदन समारोह में भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने मोदी-मनोहर सरकार की तारीफों के पूल बांधे और इसके बाद प्रेस कांफ्रेंस में कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ओबीसी समाज का कभी भला नहीं किया बल्कि वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। उन्होंने अभिनंदन समारोह में कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे 2024 में जीत की तैयारियों के लिए पहले से अधिक मेहनत शुरू करें। उन्होंने कहा कि मोदी ने देश को शक्तिशाली बनाया है और मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा को समृद्ध किया है।




इससे पहले नायब सैनी का दिल्ली बार्डर से गुरुग्राम के गुरुकमल कार्यालय तक रोड शो निकालकर भव्य स्वागत किया गया। नागरिक अभिनंदन समारोह में पहुंचते ही कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों ने उन पर पुष्प वर्षा की और भाजपा जिंदाबाद, मोदी-मनोहर जिंदाबाद और जयश्रीराम के नारे लगाए। अपने सम्मान से गदगद नायब सैनी ने माइक संभाला और मोदी और मनोहर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गिनाते हुए कार्यकर्ताओं के दम पर फिर से डबल इंजन की सरकार का दावा ठोक डाला। मंच पर पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह, विधायक सुधीर सिंगला, सत्य प्रकाश जरावता, जिला प्रभारी दीपक मंगला, जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा, प्रदेश सचिव मनीष यादव, समय सिंह भाटी, जवाहर यादव उपस्थित रहे।

इसके बाद प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए श्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस और घमंडिया गठबंधन के नेता सिर्फ झूठ बोलकर जनता में भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जातियों के नाम पर समाज को तोड़ना और देश को कमजोर करना चाहती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओबीसी आयोग बनाकर संवैधानिक शक्तियां दी है। उन्होंने कहा कि आज ओबीसी समाज को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का काम भी मोदी सरकार ने किया है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, विधायक एवं जिला प्रभारी दीपक मंगला, प्रदेश मीडिया सह प्रमुख अरविंद सैनी, सूरजपाल अम्मू , जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव, सह मीडिया प्रमुख जयवीर यादव भी उपस्थित रहे। श्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ झूठ की गारंटी देने वाली पार्टी है। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो बोलते हैं, उससे अधिक करके दिखाते हैं। मोदी-मनोहर सरकार ने गरीबों को 5 लाख रुपये तक के इलाज की पक्की गारंटी दी है जिसका लाभ करोड़ों गरीब उठा रहे हैं। पत्रकारों के सवालों का जवाब पर बोलते हुए श्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस की झूठ के सामने हमारे लाखों कार्यकर्ता छाती तानकर खड़े हैं और उनके झूठ को टिकने नहीं देंगे। कांग्रेस ने सदैव देश और समाज को बांटने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं की बौखलाहट इतनी बढ़ गई है कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के खिलाफ भी आपत्तिजनक टिप्पणियां कर रहे हैं। कांग्रेस की इस घटिया नीति को भाजपा के लाखों कार्यकर्ता कभी कामयाब नहीं होने देंगे।

## श्रीराम सोसाइटी लक्ष्मण विहार स्थित श्री शक्ति मंदिर प्रांगण में बत्तीसवें मंगलवार सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन- समाजसेवी पंकज पाठक



संपर्क दूत ■ गुरुग्राम

सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ की श्रंखला को आगे बढ़ाते हुए समाजसेवी पंकज पाठक की अगुवाई में श्रीराम सोसाइटी लक्ष्मण विहार स्थित श्री शक्ति मंदिर प्रांगण में बत्तीसवें मंगलवार को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं गीता पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान हनुमान सहित विभिन्न देवी देवताओं की पूजा-अर्चना से हुआ। श्री राम सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष,पंकज पाठक और लक्ष्मण विहार वासियों ने संयुक्त रूप से सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ किया। हनुमान चालीसा टीम में पुरुष सदस्य महिला सदस्य एवं बच्चों टीनों की भूमिका बराबर की है। जिसमें ना केवल लक्ष्मण विहार से पुरुष बल्कि महिलाएं और बच्चे भी शामिल हुए। बल्कि लक्ष्मण विहार के बाहर से भी अन्य भक्तों ने भी श्री हनुमान जी के चरणों में हाजिरी लगायी,सर्वप्रथम ठीक नियत समय सायं साढ़े 7 बजे राम भक्त हनुमान के जयकारे के साथ हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ किया गया। इस दौरान शंखनाद भी किया जाता रहा। इसके उपरांत हनुमान जी की महाआरती की गई । फिर अंत में भोग प्रसाद का वितरण किया गया।

इस मौके पर सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ में विनोद सुदान,स्नेहलता, आयुष,रमेश चंद्र शर्मा,सौर्य कौसिक,सुनील,संतोष ,देव,तमन्ना,रुपाली,वर्षा,राज कुमार ,सुनील,विनीत,विनय,आनंद,कुशल योगी, सुनील ,विनीत, विनय, आनंद,नीलेश सिंह, वेद प्रकाश,विष्णु दत्त गौर, संजय मेहरा,सत्या , योगिता,अनिल शर्मा,वीरेंदर ,जितेंदर सिंह,धनदीप भारती, परशुराम, कनक, महिमा, कृष्ण, देव, लता, खुशी,पिंकी,नवी,धनंजय संदीप,आयुष, राज कुमार ,सुनील ,अजय भरद्वाज, मेहरा जी,नवीन,अमित,संदीप ,पंकज पाठक,सुंदरी खत्री जी, के अलावा अनेक गणमान्य लोगों द्वारा प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग किया गया है और उपस्थित भी रहे।

## विद्युत विभाग ने 42 बिजली बिल उपभोक्ताओं को भेजा लीगल नोटिस

संपर्क दूत ■ बिक्रमगंज (रोहतास)

विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज क्षेत्र के सभी प्रशाखाओं में बिलिंग गुणवत्ता एवं राजस्व संग्रहण को लेकर विभाग ने अभियान चलाया। इसको लेकर विद्युत विभाग ने बिजली बिल बकाया उपभोक्ताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए विद्युत कनेक्शन काटा रहा है। पूर्व में जो बकायेदार उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा गया था एवं अब तक बकाए राशि का भुगतान एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा नहीं किया गया है उन पर विभाग नीलामवाद दायर करने हेतु लीगल नोटिस भेज रही है। सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया कि प्रखंड दिनारा के उपभोक्ताओं पर नीलामवाद दायर करने हेतु 42 लीगल नोटिस भेजी गई है। निबंधित डाक से भेजी गई नोटिस में ग्राम दिनारा के सुनील कुमार पासवान, मुन्ना राम, बरमेश्वर सिंह, हिरालाल साह, रामेश्वर सिंह, कमला भगत,आलम गिरी, रंजन कुमार, किरण कुंवर, नथुन साह, रामनाथ ठाकुर, विंध्याचल केशरी, राजीव रंजन, धनंजी राम, अरविंद कुमार, अनिल साह, मंजू देवी, श्रीनाथ सिंह,राजमुनि देवी, अमजद अंसारी, विजय सिंह, कामेश्वर सिंह, बरडीहा के मनोज कुमार सिंह, परमा शंकर चौधरी, तेनुअज के मुन्ना सिंह, श्याम दास प्रसाद, कपिलदेव तिवारी, कौवाखोंच के लालकेश्वर पांडेय, पुहपी के उत्तम सिंह, मेदनीपुर के हीरालाल सिंह, धनपुरा के संजय सिंह, भानपुर के उपेंद्र यादव, भलुनी के सूर्या सिंह, सहुआरी के मधुसूदन सिंह, मुस्वत के हरेंद्र सिंह, घोरसरा के रंगलाल चौधरी, सरना के अशोक कुमार सिंह, असिया के शिव मंगल चौबे, पंडितपुरा के सूर्यमाल सिंह, गोपालपुर के फुलझारो देवी एवं करंज के मुंजी कहार का नाम शामिल है। ऊक्त उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन कटने के बाद भी बकाया राशि जमा नही करने के कारण बिहार और उड़ीसा लोक मांग वसूली अधिनियम, 1914 के तहत नीलामवाद दायर करने हेतु अग्रतर कारवाई की जा रही है। आगे बताते चले कि सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया कि जो भी उपभोक्ताओं का बकाया राशि रहने के कारण विद्युत कनेक्शन काटा जाता है तो सक्षम प्राधिकारी से किस्तीकरण कराने के पश्चात बकाया राशि एवं पुनः विद्युत संयोजन शुल्क जमा करने के पश्चात विद्युत का उपभोग करे एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें।

## छत से छुपकर व्यक्ति को मारी गोली,हालत गंभीर

संपर्क दूत ■ राजपुर (रोहतास)

प्रखंड क्षेत्र के चनकी पंचायत के कारन गांव में मंगलवार की शाम सुनील यादव नामक एक व्यक्ति ने छत से छुपकर एक व्यक्ति को गोली मार दी। जिस घटना में जोगेंद्र नामक व्यक्ति के सीने में गोली लगते ही वह बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना के बाद परिजनों ने जख्मी जोगेंद्र प्रजापति को ईलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद परिजन बेहतर ईलाज के लिए उसे बनारस ले भांगे। इस घटना के संबंध प्रभारी थानाध्यक्ष राधे कृष्ण रॉय ने बताया कि चनकी पंचायत के कारन गांव निवासी सुनील यादव ने उसी गांव के निवासी लगभग 42 वर्षीय जोगेंद्र प्रजापति जो अपने दलान से निकल किसी श्राद्ध कर्म में जा रहा था। इसी छत पर बैठ घात लगाएं बैठे सुनील यादव ने उसे गोली मार दी। जिस घटना में गोली उसके



छाती में लगाते ही वह, बुरी तरह जख्मी हो गया। जिस घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटना स्थल पहुंच देर शाम ही आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। लेकिन उसके पास से पुलिस हथियार बरामद करने में अबतक विफल है। वही घटना मामलें में जख्मी युवक के भाई के पत्नी लालमुनि देवी द्वारा प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। हालांकि घटना का क्या मामला है पुलिस इसके जांच में जुटी है।

## वेतन भुगतान के लिए भटक रहे हैं अनुकंपा कर्मी

**बिक्रमगंज(रोहतास)।** ज्ञातव्य हो कि जून 2023 में एक साथ 34 कर्मियों की नियुक्ति अनुकंपा के आधार पर हुई थी। इन सभी कर्मियों ने उसी समय विभिन्न महाविद्यालयों में योगदान कर काम करना शुरू कर दिया। वेतन भुगतान को लेकर विश्विद्यालय अधिकारियों से महासंघ की तरफ से कई बार गुहार लगाई गई। इन कर्मियों का वित्तीय वर्ष 2023-2024 के बजट में राशि की मांग सरकार से नहीं होने के कारण वेतन भुगतान में कठिनाई हो रही है। वित्तीय वर्ष 2023-2024 का बजट सम्भवतः सितंबर अक्टूबर 2022 में ही भेजा गया था। तब ये कर्मी नियुक्त भी नहीं हुए थे। जब ये नियुक्त ही नहीं हुए थे तो इनका बजट कैसे भेजा जाता। लेकिन जब 2023 के जून माह में ये नियुक्त किए गए तो इनके वेतन भुगतान के लिए अलग से एक अनुपूरक बजट विश्विद्यालय ने क्यों नहीं भेजा। यह एक यक्ष प्रश्न है । अगर भेजा गया तो राज्य सरकार से अब तक राशि क्यों नहीं प्राप्त हुई ? इसके लिए विश्वविद्यालय स्तर से क्या प्रयास किया गया। इस तरह के कई सवाल खड़े हो रहे हैं। जिसका जवाब विश्वविद्यालय के पास नहीं है। ये सारे कर्मी अपने पिता या माता के सेवाकाल में देहांत के तीन या चार साल बाद नियुक्त किए गए। इन तीन चार सालों में उनका परिवार कैसे जीवन यापन किए होंगे यह सहज ही समझ की बात है । लेकिन सरकार और विश्विद्यालय को इससे कुछ लेना देना नहीं । पिछले तीन माह पूर्व सारे कॉलेज और विश्विद्यालय कर्मियों ने करीब 6-7 दिनों तक महाविद्यालय और विश्विद्यालय मुख्यालय में धरना दिया । अंत में विश्विद्यालय मुख्यालय में सारे कर्मियों को बुलाकर विश्विद्यालय अधिकारियों के साथ वार्ता हुई । दो माह के अंदर सारी समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिया गया । लेकिन अब तक एक भी समस्या का समाधान नहीं किया गया।विश्विद्यालय और सरकार की उदासीनता और संवेदनहीनता के कारण ये कर्मी लगभग 6 माह से वेतन के लिए तरस रहे हैं और बिना वेतन भुगतान के अपनी सेवा दे रहे हैं।




यूथ प्रीमियर लीग सीजन 2 का शुरुआत दिल्ली एनसीआर गुड़गांव सिटी में शुरू होने जा रहा हैं यह लीग में भारत के छोटे शहरों के टैलेंटेड खिलाड़ी अपना हुनाहर दिखाएंगे यह लीग टी20 फॉर्मेट में लेदर बॉल से खेली जाएंगे जिसमें 4 टीम हैं दिल्ली यूथ बॉयज, मुंबई यूथ लायंस, उत्तर प्रदेश यूथ लायंस, बिहार यूथ बॉयज यह टीम भाग ले रही हैं यह लीग के कप्तान के नाम यह है यूसुफ अनवर प्रशांत कुमार श्रावण यादव भूपेश कुमार को बनाया गया हैं यह लीग 11 दिसंबर से खेला जाएगा यह लीग से खिलाडियों को टैलेंट को आगे लाने का काम कर रही हैं

## सनर इंटरनेशनल हॉस्पिटल्स में एक डायबेसिटी और वेट मैनेजमेंट वर्कशॉप आयोजित किया गया

संपर्क दूत ■ गुरुग्राम

गुड़गाँव के सनर इंटरनेशनल हॉस्पिटल्स में एक डायबेसिटी और वेट मैनेजमेंट वर्कशॉप आयोजित किया गया जहां गुरुग्राम की नामी-गिरामी सोसायटी से कई लोग शामिल हुए । सनर इंटरनेशनल हॉस्पिटल्स में आयोजित किए गए इस वर्कशॉप में डॉ. विनय शॉ (एच.ओ.डी और सीनियर कंसलटेंट, डिपार्टमेंट-जी आई , मिनिमल एक्सेस एंड बरिएट्रिक सर्जरी) ने वेट मैनेजमेंट पर हेल्थ टॉक किया, मिस दीक्षा दयाल (एच.ओ.डी, डिपार्टमेंट - न्युट्रिशन एंड हेल्थ) ने एक हेल्दी ईटिंग पर एक वर्कशॉप और डेमो किया, और डाइट कंसल्टेशन दी, साथ ही मिस अदिति मालिक (माइंड सेट कोच एंड हीलर) द्वारा एक पॉज़िटिव हीलिंग का सेशन भी हुआ। इसके अलावा हेल्दी सस्टेनेबल लाइफस्टाइल से संबंधित एक डिस्प्ले था, जो सोसाइटी के लोगो के लिए




काफी आकर्षक रहा। इस वर्कशॉप ने गुरुग्राम शहर के लोगों को हेल्दी लाइफस्टाइल के महत्त्वके बारे में शिक्षित किया । इसके माध्यम से ऐक्सपर्ट्स द्वारा साझा की गई जानकारी ने लोगों को आगाह किया और हेल्दी लाइफस्टाइल की दिशा में प्रेरित किया। यह कार्यक्रम न सिर्फ आपके खुद के स्वास्थ्य की देखभाल में मदद करेगा, बल्कि आपके अपनों के स्वास्थ्य की दिशा में एकसमान रूप से सहयोग करेगा। इस विशेष अवसर पर सनर इंटरनेशनल हॉस्पिटल्स के डॉ. विनय शॉ (एच.ओ.डी और सीनियर कंसलटेंट, डिपार्टमेंट-जी आई , मिनिमल एक्सेस एंड बरिएट्रिक सर्जरी), ने बताया, ÷हमारा उद्देश्य यह था कि हम लोगों को सही जानकारी और सही दिशा में पहुंचाएं ताकि वे स्वस्थ जीवनशैली की ओर कदम बढ़ा सकें। इस वर्कशॉप के माध्यम से हमने लोगों को सही खानपान और वेट मैनेजमेंट के ज़रूरी बातों से अवगत कराया है।

## अज्ञात बाइक के टक्कर से एक व्यक्ति की मौत, दो घायल

**कोचस (रोहतास)।** थाना क्षेत्र के आरा-मोहनिया पथ पर चिताव के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो लोग बुरी तरह घायल हो गए।मृतक युवक नगर पंचायत कोचस निवासी शांतनु सेठ का 25 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार बताया जाता है जबकि घायलो मे कृष्ण सेठ का 25 वर्षीय पुत्र अनिकेत कुमार व बलराम सेठ का 27 वर्षीय पुत्र संजीव कुमार सामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तीनों बाइक सवार युवक बाइक पर सवार हो अपने दोस्त के घर आई बारात में सरिक होने के लिए दिनारा की तरफ जा रहे थे कि सामने से तेज रफ्तार में आ रही अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार ठोकर मार दी जिसमें एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को कोचस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां मौके पर मौजूद चिकित्सक विपिन बिहारी ने इलाज उपरांत स्थिति बिगड़ते देख बेहतर उपचार हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया है। दिनारा थाना अध्यक्ष ने मृत सव को अपने कब्जे मे ले पोस्टमार्टम के लिए परिजनों को सौंप दिया है।

**आयोजन** | स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है जबकि किचन गार्डन में उत्पादित फल सब्जियां रसायन मुक्त होते हैं।

# दो दिवसीय पोषण बगिया स्थापना प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

संपर्क दूत ■ बिक्रमगंज (रोहतास)

कृषि विज्ञान केंद्र रोहतास द्वारा नारी कार्यक्रम के तहत विभिन्न पंचायत के आंगनबाड़ी तहत दो सेविकाओं के लिए पोषण बगिया की स्थापना एवं महत्व विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कराया गया। जिसमें आंगनबाड़ी सेविकाओं को वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ0 शोभा रानी ने विभिन्न पंचायत आंगनबाड़ी केन्द्र की सेविकाओं के लिए पोषण बगिया की स्थापना एवं उसके महत्व पर विशेष चर्चा करते हुए यह बताया कि पोषण सुरक्षा की दृष्टि से पोषण वाटिका का बहुत महत्व है इसका उद्देश्य परिवार के प्रत्येक सदस्य को



ताजे फल एवं सब्जी प्रतिदिन उपलब्ध कराना है। जिससे शरीर को पौष्टिक तत्व विटामिन एवं खनिज लवण मिल सके साथ ही जो घरेलू बजट को कम करने के लिए भी लाभकारी है। साथ ही बाजार से खरीदी हुई सब्जियों में कीटनाशक दवाओ एवं कृत्रिम रंगों का प्रयोग होता है जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है जबकि किचन गार्डन में उत्पादित फल सब्जियां रसायन मुक्त होते हैं। जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। यह एक व्यस्क को प्रतिदिन लगभग 300 ग्राम सब्जियां खानी चाहिए पोषण वाटिका का आकार आपके घर के पास जमीन की उपलब्धता परिवार में सदस्यों की संख्या पर निर्भर करता है। किचन गार्डन सुंयोजित ढंग से लगाना चाहिए ताकि पोषण सालों भर तीनों मौसम में ग्रामीण महिलाएं को अपनी जमीन का प्रत्येक भाग का सही तरीके से उपयोग कर पाए एवं सब्जी उत्पादित करें। वरीय वैज्ञानिक ने यह भी बताया की इस कार्यक्रम के तहत विशेष रूप से आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं का चयन किया गया। प्रशिक्षण उपरांत किचन गार्डन किट भी उपलब्ध कराया गया ताकि केंद्र के आसपास उपलब्ध जमीन में सब्जी के इन बीजों को लगाकर जो सब्जी उत्पादन में इसका प्रयोग आंगनबाड़ी केंद्र पर आ रहे बच्चों के पोषण आहार में किया जा सकेगा। जिससे बच्चों का स्वास्थ्य स्तर ऊंचा होगा किचन गार्डन किट में 12 तरह की सब्जियां जो भारतीय सब्जी अनुसंधान की सब्जियां के उन्नत प्रभेद को कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज के द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रदान किया गया इस अवसर पर उद्यान वैज्ञानिक डॉ0 रतन कुमार ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को किचन गार्डन की जानकारी दी। इस अवसर पर 50 आंगनबाड़ी सेविकाओं ने भाग लिया।

## प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण में किसानों ने भाग लिया

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज रोहतास द्वारा ग्राम मोथा प्रखंड काराकाट में प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉ शोभा रानी के निर्देशन पर किया गया । इस कार्यक्रम में मोथा के किसानों को बताते हुए कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ रामा कान्त सिंह ने किसानों को प्राकृतिक रूप से देसी गाय के गोमूत्र गोबर बेसन और गुड़ के सहयोग से बीजामृत, घंजीवामृत जीवामृत दस्पर्णीअर्क ,अग्नियास ब्रह्मास्त्र बनाने के तरीकों पर विशेष जानकारी दी तथा प्रायोगिक रूप से जीवामृत एवं घन जीवामृत भी मोथा के किसान लालबाबू, राधेश्याम एवं सभी 60 किसानों के सहयोग से बनाया गया। उपस्थित किसानों ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र के पहल की सराहना की और कुछ किसानों ने यह खेती प्रारंभ भी कर दिए। इस अवसर पर मुखिया, सरपंच गीता देवी, कल्पना देवी, मनोज कुमार, विनोद सिंह, लाल बाबू सिंह अलख सिंह, गगन पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

## संक्षिप्त खबरें

### आर्थर फिल्स और लुका वान एशे नेक्स्ट जेन टेनिस फाइनल्स में जीते

**जेद्दा।** आर्थर फिल्स और लुका वान एशे ने पहली बार सउदी अरब में हो रहे नेक्स्ट जेन फाइनल्स टेनिस के राउंड रॉबिन चरण में अपने अपने मुकाबले जीते। शीर्ष वरीयता प्राप्त 19 वर्ष के फ्रेंच खिलाड़ी फिल्स ने लुका नार्डी को 2 . 4, 4 . 3, 4 . 2, I . 4, 4 . 2 से हराया। नेक्स्ट जेन फाइनल्स बेस्ट आफ फाइव प्रारूप में खेले जा रहे हैं जिसमें चार अंक का हर सेट होगा। राउंड रॉबिन ग्रुप में फ्लावियो कोबोली ने डोमिनिक स्ट्रिकर को 4 . 2, 3 . 4, 4 . I, 4 . 2 से हराया।वहीं एशे ने वाइल्ड कार्डधारी अब्दुल्ला शेलबाय को 4 . 3, 3 . 4, 4 . I, 4 . I से मात दी। हमाद एम ने एलेक्स मिशेलसेन को 4 . 2, 4 . 3, 3 . 4, 3 . 4, 4 . 3 से हराया। यह टूर्नामेंट एटीपी टूर पर 21 वर्ष या उससे कम उम्र के शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच खेला जाता है। पहली बार 2017 में खेला गया यह टूर्नामेंट अब तक इटली के मिलान में होता आया है।

### अमेरिकी प्रीमियर लीग टी20 में खेलेंगे श्रीसंत और बिन्नी

**ह्यूस्टन।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत और हरफनमौला स्टुअर्ट बिन्नी अमेरिका में 19 से 31 दिसंबर तक होने वाले अमेरिकी प्रीमियर लीग टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे सत्र में खेलेंगे। श्रीसंत और बिन्नी दोनों भारत में सक्रिया क्रिकेट को अलविदा कह चुके हें और विदेश में फ्रेंचाइजी लीग खेल सकते हैं। सारे मैच टैक्सास के ह्यूस्टन में मूसा क्रिकेट स्टेडियम पर खेले जाएंगे और लीग को आईसीसी से मान्यता भी मिली हुई है। अमेरिकी क्रिकेट बोर्ड ने सात टीमों के लिए 40 विदेशी क्रिकेटरों से करार किया है। सात टीमें अमेरिकंस, इंडियंस, पाक्स, विंडीज, बंगालीस, आसीज और इंग्लिश हैं। श्रीसंत और बिन्नी इंडियंस टीम का हिस्सा हैं। श्रीसंत ने कहा , प्रीमियम इंडियंस का हिस्सा होना गर्व की बात है। मैंने भारत के बाहर अधिक फ्रेंचाइजी लीग नहीं खेली है और मैं इसे लेकर काफी रोमांचित हूं।

### भारत में लोकप्रिय हो रहे मोटरस्पोर्ट्स खेल

**नई दिल्ली।** भारत के मोटरस्पोर्ट्स खेल काफी तेजी से पॉपुलर हो रहे हैं। इसमें देश में पहली बार एफ 4 इंडियन चैंपियनशिप और चेन्नई के मद्रास इंटरनेशनल सर्किट (एमआईसी) और नए फॉर्मूला रेसिंग सर्किट (एफसीआर) में आयोजित होने वाली इंडियन रेसिंग लीग (आईआरएल) का दूसरा सीजन शामिल है। यह वर्ष पहली बार भारत और दक्षिण एशिया में शहर के केंद्र में द्वीप मैदानों के आसपास स्थित एफसीआर में रात की रेस का एक रोमांचक कैलेंडर शामिल है।

यह रेसिंग प्रमोशन प्राइवेट लिमिटेड (आरपीपीएल) के साथ एक्सॉन मोबिल की लगातार दूसरे वर्ष की साझेदारी का हिस्सा है, जो देश में मोटरस्पोर्ट्स की लोकप्रियता और पहुंच को बढ़ाने और इसे सभी रेसर्स के लिए अधिक किफायती बनाने की अपनी प्रतिबद्धता से प्रेरित है। आईआरएल के साथ साझेदारी का जश्न एमआईसी, चेन्नई में आईआरएल प्री-सीजन टेस्ट में मनाया गया।

---

**यूईएफए**



रोम, इटली में नवंबर में लाज़ियो और सेल्टिक के बीच यूईएफए चैंपियंस लीग ग्रुप ई मैच के दौरान लाज़ियो के गुस्ताव इसाकसेन (आर) ने सेल्टिक के ग्रेग टेलर के साथ प्रतिस्पर्धा की।

## भारत का दुर्भाग्य था कि विश्व कप फाइनल में उसका सामना आस्ट्रेलिया से था: पीटरसन



**एजेंसी ■ जम्मू**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने बुधवार को यहां कहा कि विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम से सामना होने के कारण भारतीय टीम काफी दबाव में थी, जिससे वह आखिर में यह मुकाबला हार गई। लीजेंड्स लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में खेलने के लिए यहां आए पीटरसन ने कहा, दुर्भाग्य से जब आप ऑस्ट्रेलिया का सामना करते हैं, जैसा कि मैंने अपने करियर में कई बार किया है, तो काम आसान नहीं होता। ऑस्ट्रेलिया मजबूत प्रतिद्वंदी है तथा उनके पास फाइनल मे पासा पलटने और अपने अनुकूल परिणाम हासिल करने की क्षमता है। भारतीय टीम ने विश्व कप फाइनल से पहले अपने सभी मैच जीते थे लेकिन अहमदाबाद में खेले गए खिताबी मुकाबले में वह पहले बल्लेबाजी करते हुए 240 रन पर आउट हो गई तथा आस्ट्रेलिया 6 विकेट से जीत दर्ज करके चैंपियन बना। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी बेहद प्रतिस्पर्धी होते हैं और यह भारत का दुर्भाग्य था कि ऑस्ट्रेलिया ने बेहतरीन क्षेत्ररक्षण और शानदार गेंदबाजी की। इसके बाद जब वे बल्लेबाजी करने के लिए उतरे तो 230 या 240 का लक्ष्य पर्याप्त नहीं था। पीटरसन ने विश्व कप में इंग्लैंड के प्रदर्शन को खौफनाक करार दिया और कहा कि किसी ने भी नहीं सोचा था कि उनकी टीम फाइनल में नहीं पहुंचेगी। उन्होंने कहा, भारत जब टूर्नामेंट से पहले इंग्लैंड के खिलाफ गुवाहाटी में खेल रहा था तो मैंने कहा था

## ओस इतनी थी कि प्रति ओवर 14 रन भी बनाना मुश्किल नहीं था : रूतुराज गायकवाड़



**एजेंसी ■ गुवाहाटी**

भारत के सलामी बल्लेबाज और उपकप्तान रूतुराज गायकवाड़ ने आस्ट्रेलिया के हाथों तीसरे टी20 मैच में मिली हार के लिए ओस को जिम्मेदार ठहराया।भारतीय गेंदबाजों ने आखिरी पांच ओवर में 80 रन दे डाले और 222 रन बनाने के बावजूद मेजबान टीम हार गई। ग्लेन मैक्सवेल ने प्रसिद्ध कृष्णा के अंतिम ओवर में 23 रन बनाए। कृष्णा ने चार ओवर में 68 रन दिए और उन्हें एक भी विकेट नहीं मिली। गायकवाड़ ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा , मुझे नहीं लगता कि यह चिंता की बात है। ऐसा लग रहा था कि हम गीली गेंद से गेंदबाजी कर रहे हैं। यह गेंदबाजों के लिए काफी कठिन था। उन्होंने कहा , इस तरह के हालात में प्रति ओवर 12 , 13 या 14 रन भी बन सकते थे। लिहाजा यह चिंता की बात नहीं है। हालात कठिन थे और इसे स्वीकार करके आगे बढना होगा। आस्ट्रेलिया के लिए ग्लेन मैक्सवेल ने 48 गेंद में नाबाद 104 रन बनाए। गायकवाड़ ने कहा , मैक्सवेल ने शानदार बल्लेबाजी की। एक समय उन्हें तीन ओवर में 50 रन चाहिए थे और उसके बाद इस तरह की पारी खेलकर जीतना काबिले तारीफ है।

## जुलाई , अगस्त 2024 में श्रीलंक का दौरा करेगी भारतीय टीम

**कोलंबो।** खराब दौर से जूझ रहे श्रीलंका क्रिकेट और उसके मेजबान प्रसारक के लिए अच्छी खबर है कि भारतीय टीम 2024 जुलाई अगस्त में छह मैचों की सफेद गेंद की श्रृंखला खेलने यहां आएगी। बोर्ड ने बुधवार को इसका ऐलान किया। सरकार के दखल के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने श्रीलंका क्रिकेट पर प्रतिबंध लगा दिया है और अंडर 19 विश्व कप भी अब श्रीलंका की बजाय दक्षिण अफ्रीका में होगा। राष्ट्रीय टीमों (महिला और पुरूष) को हालांकि द्विपक्षीय श्रृंखलाएं खेलने श्रीलंका आने की अनुमति है। श्रीलंका क्रिकेट द्वारा जारी अगले साल के कार्यक्रम के अनुसार भारतीय टीम जुलाई अगस्त में तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलेगी। श्रीलंकाई पुरूष टीम को 2024 में 52 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने हैं जिनमें दस टेस्ट, 21 वनडे और 21 टी20 शामिल है। श्रीलंकाई टीम इंग्लैंड में तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेगी जो विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के मौजूदा चक्र का हिस्सा है। इसके अलावा नवंबर में दक्षिण अफ्रीका में दो टेस्ट खेलने हैं।

**टूर्नामेंट** भारतीय टीम पिछले एक दशक से कोई आईसीसी खिताब नही जीत सकी है।

## बीसीसीआई ने द्रविड़ का करार बढाया

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने वनडे विश्व कप में उपविजेता रही भारतीय टीम की लय को बरकरार रखने के लिए मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और उनके सहयोगी स्टाफ के अनुबंध में बुधवार को विस्तार किया है। भारत को 19 नवंबर को अहमदाबाद में विश्व कप फाइनल में आस्ट्रेलिया ने हराया। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में लगातार दस जीत दर्ज करके फाइनल में प्रवेश किया था। द्रविड़ के कार्यकाल के बारे में हालांकि बीसीसीआई द्वारा जारी विज्ञप्ति में कुछ नहीं कहा गया है। बोर्ड ने एक बयान में कहा , भारतीय क्रिकेट बोर्ड मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और टीम इंडिया (सीनियर पुरूष) के सहयोगी स्टाफ के अनुबंध में विस्तार का ऐलान करता है। इसमें कहा गया , बोर्ड ने विश्व कप के बाद द्रविड़ का कार्यकाल पूरा होने पर उनसे बातचीत की और सर्वसम्मति से उनका कार्यकाल बढाने का फैसला किया गया। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि आईसीसी ट्रॉफी जीतने की कवायद में द्रविड़ को बोर्ड का पूरा समर्थन रहेगा। भारतीय टीम पिछले एक दशक से कोई आईसीसी खिताब नहीं जीत सकी है। शाह ने कहा , फाइनल से पहले लगातार दस मैच जीतने वाली भारतीय टीम का विश्व कप अभियान असाधारण रहा। इसके लिए सही प्लेटफॉर्म तैयारी करने वाले मुख्य कोच (द्रविड़) सराहना के पात्र हैं। इसमें कहा गया , मुख्य कोच को बीसीसीआई का पूरा समर्थन रहेगा और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कामयाबी पाने के लिए उन्हें जो भी सहयोग चाहिए होगा, हम देंगे। द्रविड़ ने कहा , भारतीय टीम के साथ पिछले दो साल यादगार रहे। हमने कई उतार चढाव देखे और इस पूरे सफर में टीम के भीतर आपसी सहयोग और तालमेल जबर्दस्त रहा। पीटीआई ने मंगलवार को कहा था कि द्रविड़ का अनुबंध बढाया जाएगा क्योंकि बीसीसीआई कोचिंग ढांचे में बदलाव नहीं करना चाहता। द्रविड़ ने टी20 विश्व कप 2021 के बाद रवि शास्त्री की जगह ली थी। उनका दो साल का कार्यकाल विश्व कप के बाद खत्म हो गया। द्रविड़ के कोच रहते भारत पिछली विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में उपविजेता रहा था। द्रविड़ के साथ उनके सहयोगी स्टाफ में शामिल बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़, गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे और क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप के अनुबंध में भी विस्तार किया गया है। समझा जाता है कि वह कम से कम अगले साल जून जुलाई में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप तक पद पर रहेंगे। द्रविड़ के ब्रेक लेने पर अंतरिम कोच का काम करने वाले एनसीए प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने संभवतः बोर्ड को सूचित किया है कि वह भारत ए टीम, भारत अंडर 19 टीम और बेंगलुरू में एनसीए के नए ढांचे से जुड़े क्रिकेट मसलों पर काम करके खुश हैं। बोर्ड ने कहा , बोर्ड एनसीए प्रमुख और कार्यवाहक मुख्य कोच के तौर पर वीवीएस लक्ष्मण के काम की भी सराहना करता है।मैदान पर अपनी यादगार साझेदारियों की तरह द्रविड़ और लक्ष्मण भारतीय क्रिकेट को आगे ले जाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा , भारतीय टीम का प्रदर्शन उनके शानदार मार्गदर्शन की बानगी देता है। मुझे खुशी है कि उन्होंने मुख्य कोच बने रहना स्वीकार कर लिया। इससे बीसीसीआई और उनके बीच आपसी सम्मान का पता चलता है। द्रविड़ ने कहा , इस पद के लिए काफी लंबा समय घर से दूर रहना पड़ता है। मैं अपने परिवार के बलिदान और सहयोग की सराहना करता हूं।



## सैयद मोदी टूर्नामेंट : श्रीकांत हारे, उन्नति, प्रियांशी और किरण जीते

**एजेंसी ■ लखनऊ**

दुनिया के पूर्व नंबर एक भारतीय खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत बुधवार को यहां सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में सीधे गेम में हारकर बाहर हो गए जबकि युवा खिलाड़ी उन्नति हुड्डा ने हमवतन आकर्षी कश्यप को हराकर उलटफेर करते हुए दूसरे दौर में जगह बनाई। विश्व चैम्पियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत को कोरिया के चिया हाओ ली से 21-23 8-21 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में बेहतरीन प्रतिभा मानी जा रही 16 साल की उन्नति ने 77 मिनट तक चले बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के राउंड 32 मुकाबले में आकर्षी को 15-21 21-19 21-18 से मात दी। रोहतक की युवा खिलाड़ी उन्नति का सामना अब जापान की पूर्व विश्व चैम्पियन नोजोमी ओकुहारा से होगा जिन्होंने एक अन्य मैच में भारत की मालविका बंसोद को 18-21 21-17 21-10 से हराया। अनुपमा उपाध्याय और अस्मिता चालिहा ने भी महिला एकल के अगले दौर में प्रवेश किया। अनुपमा ने डेनमार्क की अमाली शुल्ज को 14-21 21-15 21-9 से जबकि अस्मिता ने यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा को 21-15 21-15 से पराजित किया। पुरुष एकल में प्रियांशु राजावत, किरण जॉर्ज और सतीष कुमार करूणाकरण ने शानदार जीत से दूसरे दौर में जगह बनाई। ओरलियांस मास्टर्स विजेता प्रियांशु ने कजाखस्तान के दिमित्रि पनारिन को 21-17 21-19 से हराया जबकि किरण ने लक्ष्य सेन के भाई चिराग सेन को 21-16 14-21 21-13 से शिकस्त दी। सतीष ने चीनी ताइपे के हुआंग यु काई को हराया। प्रियांशु अब सतीश के जबकि किरण चिया के सामने होंगे। समीर वर्मा को चीनी ताइपे के वांग जु वेई से 9-21 21-17 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। युगल में अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो ने पहले दौर में हमवतन समृद्धि सिंह और सोनाली सिंह को 21-8 21-9 से शिकस्त दी।



**निशानेबाज** शॉटगन निशानेबाजो की 66वी राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप मे प्रतिस्पर्धा कर रही

## स्कीट निशानेबाज गनेमत और अनंतजीत ने जीता पहला राष्ट्रीय खिताब

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

भारत की वर्तमान में नंबर एक महिला स्कीट निशानेबाज गनेमत सेखों और नंबर एक पुरुष स्कीट निशानेबाज अनंतजीत सिंह नारूका ने बुधवार को यहां अपना पहला व्यक्तिगत सीनियर राष्ट्रीय खिताब जीता। शॉटगन निशानेबाजों की 66वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप में प्रतिस्पर्धा कर रही पंजाब की गनेमत और राजस्थान के अनंतजीत ने विपरीत अंदाज में जीत हासिल की। गनेमत ने क्वालीफिकेशन में 116 अंक बनाए थे और उन्हें चार अंतिम क्वालीफाइंग स्थान के लिए पांच निशानेबाजों के शूटऑफ से गुजरना पड़ा। इसके बाद उन्होंने 60 शॉट के फाइनल में 56 निशाने लगाए। क्वालीफायर में शीर्ष पर रही जहरा दीसावाला 55 हिट से दूसरे और संजना सूद 44 हिट से तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों की स्कीट स्पर्धा में अनंतजीत ने शुरू से ही दबदबा बनाते हुए जीत हासिल की। वह क्वालीफायर में भी शीर्ष पर रहे जिसमें उन्होंने 125 में से 123 अंक जुटाए। फिर छह पुरुष निशानेबाजों के फाइनल में उन्होंने 60 में से 58 हिट लगाए। मुनेक बातुला 55 अंक से दूसरे और भावतेग गिल 45 अंक से तीसरे स्थान पर रहे। साल के शुरू में गनेमत ने आईएसएसएफ विश्व कप में एक स्वर्ण और एक रजत सहित दो पदक जीते थे जबकि अनंतजीत ने हांगझोउ एशियाई खेलों में पुरुष स्कीट स्पर्धा का रजत पदक अपने नाम किया था।



## चैम्पियंस लीग : मैनचेस्टर सिटी और बार्सीलोना जीते, एसी मिलान की हार

**रोम।** पेरिस सेंट जर्मेन ने ड्रॉ खेला और एसी मिलान को चैम्पियंस लीग फुटबॉल में पराजय का सामना करना पड़ा जबकि पेप गार्डियोला की मैनचेस्टर सिटी ने आसान जीत दर्ज की। सिटी ने लेइपजिग को 3 . 2 से हराकर ग्रुप जी में पहला स्थान बनाए रखा। सिटी ने अब तक पांचों मैच जीते हैं और लगातार सातवें सत्र में ग्रुप में शीर्ष रही है। वहीं पेरिस सेंट जर्मेन ने खिलाड़ियों की चोटों से जूझ रही न्यूकैसल टीम से। . I से ड्रॉ खेला। काइलियान एमबापे ने पीएसजी के लिए बराबरी का गोल किया। वहीं ग्रुप एफ में बोरूशिया डॉर्टमंड ने एसी मिलान को 3 .I से हराया। बार्सीलोना , एटलेटिको मैड्रिड और लाजियो ने अपने अपने मैच जीते। बार्सीलोना ने पोर्तो को 2 .I से मात दी। लियोनेल मेस्सी के जाने के बाद से पहली बार बार्सीलोना अंतिम 16 में पहुंचा है।

**आईपीएल** गिल को हाल मे 2022 के आईपीएल चैंपियन गुजरात टाइटंस का कप्तान नियुक्त किया गया।

## दिग्गजों की कप्तानी में खेलने से आईपीएल में मदद मिलेगी: गिल

**एजेंसी ■ अहमदाबाद**



सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में गुजरात टाइटंस की टीम का नेतृत्व करते हुए उन्हें भारतीय टीम में दिग्गज कप्तानों की अगुवाई में खेलने के अनुभव से मदद मिलेगी। गिल ने विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ियों के नेतृत्व में खेला है तथा हाल में भारत को विश्व कप के फाइनल में पहुंचाने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। गिल को हाल में 2022 के आईपीएल चैंपियन गुजरात टाइटंस का कप्तान नियुक्त किया गया। पहले दो सत्र में कप्तान रहे हार्दिक पंड्या के फिर से मुंबई इंडियंस से जुड़ने के बाद गिल को यह जिम्मेदारी सौंप गई। कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से 2018 में आईपीएल में पदार्पण करने वाले गिल इस टूर्नामेंट में पहली बार कप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगे। गिल ने गुजरात टाइटंस द्वारा जारी किए गए वीडियो में कहा, हम सभी जानते हैं कि कप्तानी से काफी चीज जुड़ी होती हैं। प्रतिबद्धता उनमें से एक है। अनुशासन उनमें से एक है। कड़ी मेहनत उनमें से एक है। वफादारी उनमें से एक है। उन्होंने कहा, क्योंकि मैं कई दिग्गज खिलाड़ियों के नेतृत्व में खेला हूं और मैंने उनसे काफी कुछ सीखा है। मेरा मानना है कि उन दिग्गज खिलाड़ियों की कप्तानी में खेलने के अनुभव से जो मैंने सीखा है, वह इस आईपीएल में मेरी बहुत मदद करेगा। गिल ने कहा कि गुजरात टाइटंस में अनुभवी खिलाड़ियों की कमी नहीं है और उन्हें न्यूजीलैंड के केन विलियमसन और अफगानिस्तान के राशिद खान से काफी कुछ सीखने को मिलेगा। उन्होंने कहा, हमारी टीम में कई अच्छे नेतृत्वकर्ता हैं फिर चाहे वह केन विलियमसन हों या राशिद खान या फिर मोहम्मद शमी या डेविड मिलर, यहां तक की रिद्धिमान साहा भी। इसलिए मुझे लगता है कि सब अच्छा होने वाला है। गिल ने कहा, निश्चित तौर पर इस दौरान मुझे काफी कुछ सीखने को मिलेगा जो कप्तान के रूप में मेरा अनुभव होगा।

## पार्ल रॉयल्स ने दक्षिण अफ्रीका लीग के लिए शेन बांड को मुख्य कोच बनाया

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**



दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग की फ्रेंचाइजी पार्ल रॉयल्स ने बुधवार को न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज शेन बांड को 2024 सत्र के लिए अपना नया मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा की। बांड इस तरह टीम में दक्षिण अफ्रीका पूर्व आल राउंडर जेपी डुमिनी की जगह लेंगे। डुमिनी इस समय राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़े हैं। न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज बांड ने मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चार खिताब दिलाने में मदद की थी। उन्हें हाल में पार्ल रॉयल्स की सहयोगी फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल में सहायक कोच और सहायक कोच के तौर पर दोहरी भूमिका में शामिल किया था। रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा ने दक्षिण अफ्रीकी लीग में उनके पदार्पण सत्र में स्वागत करते हुए कहा, खेल के दिनों में कड़े प्रतिस्पर्धी होने के अलावा शेन बांड ने कई टीम और लीग में विभिन्न कोचिंग भूमिकाओं में अच्छा प्रदर्शन किया है। हम पार्ल रॉयल्स में कोचिंग टीम की अगुआई करने के लिए उन्हें शामिल कर खुश हैं। बांड ने कहा, यह मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से नई चुनौती है। टीम काफी मजबूत है और काफी अनुभवी है जिससे जनवरी में टीम से जुड़ने और ट्राफी जीतने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए काम करने के लिए मैं काफी उत्साहित हूं।

बॉलीवुड


# ओम शांति ओम मेरी पसंदीदा फिल्मों में से एक: अभिनेत्री कैथरीन ज़ीटा-जोन्स



भालीवुड अभिनेत्री कैथरीन ज़ीटा-जोन्स ने कहा है कि ओम शांति ओम और द लंच बॉक्स उनकी पसंदीदा फिल्में है और उनके बेटे तथा उसके स्कूल के मित्रों ने भी शाहरूख खान अभिनीत फिल्म को देखा है। हॉलीवुड अभिनेत्री ने अपने अभिनेता पति माइकल डगलस के साथ भारतीय अंतराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) में सोमवार को शिरकत की। इस महोत्सव के समापन समारोह में मंगलवार को डगलस को सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान किया गया। ज़ेटा-जोन्स रितेश बत्रा की द लंचबॉक्सै की भी प्रशंसक हैं, जिसमें दिवंगत अभिनेता इरफान खान, निमरत कौर और नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने अभिनय किया है। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, मैं हमेशा से बॉलीवुड की बहुत बड़ी प्रशंसक रही हूं और एक गायिका तथा नृत्यांगना होने के नाते, मेरा सपना है कि ब्रिटिश फिल्म जगत बॉलीवुड जैसी फिल्में बनाए और उसमें मुझे भी कास्ट किया जाए। अभिनेत्री ने कहा कि उन्होंने अपने बेटे को ओम शांति ओमै दिखाई जो उनकी पसंदीदा फिल्मों में से एक है। उन्होंने कहा, और जब बेटे के दोस्त आए, तो उसने कहा, (क्या) तुम भारत की एक फिल्म देखना चाहते हो, यह मेरी मां की पसंदीदा फिल्म है। हमें यह पसंद है और हमने इसे कई बार देखा है। ज़ेटा-जोन्स (54) ने कहा कि अगर उन्हें भारत में कोई फिल्म करनी हो, तो वह द लंच बॉक्सै जैसी फिल्म में काम करना पसंद करेंगी, जो उनकी पसंदीदा फिल्मों में से एक है। द मास्क ऑफ जोरो की अभिनेत्री ने कहा कि उन्हें एक लंबी अंतरराष्ट्रीय उड़ान के दौरान यह फिल्म देखने को मिली। उन्होंने कहा, मैंने इसे लगातार दो बार देखा। अभिनेत्री ने कहा कि वह फिल्म के निर्देशक से तब मिलीं जब वह लंदन में थे। अभिनेत्री ने बताया कि जब वह 18 महीने की थी तो एक भारतीय डॉक्टर ने उनकी जान बचाई थी। अभिनेत्री ने कहा, जब मैं भारत आती हूं तो मुझे घर आने का एहसास होता है।

बॉलीवुड

## द आर्चीज फिल्म के कलाकार बहुत प्रतिभाशाली हैं : जावेद अख्तर



फिल्म द आर्चीज अपने सभी मुख्य कलाकारों के नए, और बड़ी फिल्मी हस्तियों के परिवारों से उनके ताल्लुक रखने को लेकर इन दिनों चर्चा में है। इसका निर्देशन जोया अख्तर कर रही हैं और उनके गीतकार पिता जावेद अख्तर के मुताबिक ए नवोदित कलाकार बहुत प्रतिभाशाली हैं। इस फिल्म के जरिए अभिनेता शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान, अभिनेत्री श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर और अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा अपने अभिनय करियर की शुरूआत कर रहे हैं। इनके अलावा, फिल्म में मिहिर आहूजा, वेदांग रैना और युवराज मेंदा की भी प्रमुख भूमिकाएं हैं। अख्तर ने जोया की नेटफ्लिक्स पर आने वाली इस फिल्म में नजर आने इन नवोदित कलाकारों के बारे में कहा कि यह विश्वास कर पाना मुश्किल है कि वे पहली बार कैमरे का सामना कर रहे हैं। अख्तर ने कहा, वे बहुत अच्छे हैं। वे वाकई प्रतिभाशाली बच्चे हैं और उनमें बहुत आत्मविश्वास है। पहले कलाकार धीरे-धीरे सीखते थे और अपना मुकाम हासिल करते थे लेकिन ए बच्चे पूरी तैयारी से आए लगते हैं। अख्तर ने इस फिल्म के लिए भी गीत लिखे हैं। बच्चन की तीसरी पीढ़ी और शाहरुख तथा कपूर की दूसरी पीढ़ी के साथ काम करने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अगस्त्य, सुहाना और खुशी तीनों में फिल्म को बड़ी हिट बनाने की क्षमता है। बेटी जोया और बेटे फरहान अख्तर के साथ अक्सर काम करने वाले जावेद अख्तर ने कहा कि नई फिल्म के लिए गीत लिखने की अपनी चुनौतियां होती हैं। फिल्म का संगीत शंकर-एहसान-लॉय (शंकर महादेवन, एहसान नूरानी और लॉय मेंडोनसा) ने तैयार किया है।


## सलमान खान
### की फिल्म द बुल को लेकर आया नया अपडेट

सलमान खान इन दिनों अपनी फिल्म टाइगर 3 में नजर आ रहे हैं। इस बीच उनकी नई फिल्म को लेकर एक अहम जानकारी सामने आई है। वे एक एक्शन फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन विष्णुवर्धन करेंगे और इसे करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले प्रोड्यूस किया जाएगा। सलमान इस फिल्म के जरिए लंबे अरसे के बाद करण जौहर के साथ काम करने जा रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग से जुड़ा अपडेट सामने आया है। सलमान खान की आगामी फिल्म एक्शन थ्रिलर बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इसकी शूटिंग साल 2024 में फरवरी महीने से शुरू होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सलमान खान फरवरी 2024 में विष्णुवर्धन निर्देशित फिल्म की शूटिंग शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रिपोर्ट्स में आगे कहा गया है कि करण जौहर इस फिल्म की शूटिंग फरवरी से अगस्त तक करेंगे और इसके बाद ब्रेक लेंगे। कहा जा रहा है कि फिल्म में सलमान खान पहली बार एक अर्धसैनिक अधिकारी की भूमिका निभाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, करण जौहर की इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में सलमान खान के अलावा सामंथा रुथ प्रभु भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। रिपोर्ट के अनुसार, सामंथा रुथ प्रभु हाल ही में स्क्रिप्ट पढ़ने और निर्देशक के साथ चर्चा करने के लिए मुंबई में थीं। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता पहली फिल्म शेरशाह के बाद विष्णुवर्धन की दूसरी हिंदी फिल्म होगी। ऐसा कहा जा रहा है कि सलमान खान अभिनीत फिल्म भारतीय सेना की पृष्ठभूमि पर आधारित होगी, और इसके एक हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर होने की उम्मीद है। करण जौहर की इस फिल्म का शीर्षक द बुल बताया जा रहा है, हालांकि फिल्म के नाम पर भी अब तक आधिकारिक मुहर नहीं लग पाई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह फिल्म 2025 की गर्मियों में रिलीज होगी।



बॉलीवुड

## प्रशांत किशोर के जन सुराज से जुड़ी भोजपुरी अभिनेत्री
# अक्षरा सिंह




भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने सोमवार को घोषणा की कि वह राजनीतिक रणनीतिकार से राजनेता बने प्रशांत किशोर की ओर से एक साल पहले शुरू किए गए अभियान जन सुराज में शामिल हो गई हैं। प्रशांत किशोर ने अपने गृह राज्य बिहार में राजनीतिक बदलाव लाने का प्रण लिया है। पटना स्थित जन सुराज कार्यालय में सिंह ने खुद को बिहार की बेटी बताते हुए कहा कि उन्होंने जन सुराज को इसलिए चुना क्योंकि यह एक आंदोलन है, न कि कोई आम राजनीतिक पार्टी। सिंह ने कहा, अगर मेरी कोई राजनीतिक महत्वाकांक्षा होती, अगर मैं चुनाव लड़ना चाहती तो मैं अपने शुभचिंतकों, जो विभिन्न राजनीतिक दलों में बहुत अधिक संख्या में हैं, से संपर्क कर सकती थी। लेकिन मेरा सपना बिहार को एक विकसित प्रदेश के तौर पर उभरते हुए देखना है। इसलिए मैं प्रशांत किशोर के साथ जुड़ी जो इस उद्देश्य को हासिल करने के लिए अथक प्रयास




कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री और पूर्व भाजपा अध्यक्ष नितिन गडकरी के साथ हालिया मुलाकात, जिसके बाद उनके भाजपा में शामिल होने की अटकलें लगाई जाने लगी थीं, के बारे में पूछे जाने पर सिंह ने दो-टूक अंदाज में जवाब दिया। उन्होंने कहा, नितिन सर मेरे पिता तुल्य हैं। जब भी हम मिलते हैं, तो वह मुझ पर स्नेह बरसाते हैं। मैं हाल ही में मंच पर प्रस्तुति देन के लिए नागपुर में थी जहां कार्यक्रम से इतर मेरी उनसे मुलाकात हुई। मैं अनुरोध करती हूं कि मेरी उनसे मुलाकात का कोई राजनीतिक मतलब नही निकाला जाए। आईपीएसी के संस्थापक किशोर जो अपनी राज्यव्यापी पदयात्रा के तहत वर्तमान में उत्तर बिहार में हैं, पहली बार 2014 के लोकसभा चुनाव में नरेन्द्र मोदी के सफल चुनावी अभियान को संभालने के लिए प्रसिद्ध हुए थे। उन्होंने 2021 में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के लिए काम किया और उनकी सत्ता को बरकरार रखने में अहम भूमिका निभाई। किशोर ने कहा कि एक बार जब वह बिहार का दौरा पूरा कर लेंगे तो जन सुराज एक राजनीतिक पार्टी में तब्दील हो सकता है। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि वह संगठन का ना तो नेतृत्व करेंगे और ना ही खुद चुनाव लड़ेंगे।

बॉलीवुड

# पंकज त्रिपाठी
### की फिल्म मै अटल हूं जनवरी 2024 में होगी रिलीज




अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने मंगलवार को घोषणा की है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर आधारित उनकी आगामी फिल्म मैं अटल हूं 19 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित अभिनेता त्रिपाठी ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर यह घोषणा करते हुए फिल्म के एक नए पोस्टर का भी अनावरण किया। त्रिपाठी ने लिखा, दिलदार, फौलादी, एक बहुमुखी कवि, नए भारत का स्वप्नदृष्टा दूरदर्शी व्यक्ति। श्री अटल बिहारी वाजपेई की कहानी मैं अटल हूं 19 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म निर्माता रवि जाधव ने इस फिल्म का निर्देशन किया है जो नटरंग और बालगंधर्व जैसी राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। इसकी पटकथा उत्कर्ष नैथानी ने लिखी है। मैं अटल हूं फिल्म का निर्माण विनोद भानुशाली, संदीप सिंह और कमलेश भानुशाली ने किया है। वहीं, भावेश भानुशाली और सैम खान फिल्म के सह-निर्माता हैं।

## नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज स्कूप, अभिनेत्री करिश्मा तन्ना फिल्मफेयर ओटीटी 2023 पुरस्कारों से सम्मानित



फिल्मकार हंसल मेहता निर्देशित वेब शृंखला स्कूप को यहां आयोजित फिल्मफेयर ओटीटी पुरस्कार समारोह 2023 में सर्वश्रेष्ठ सीरीज के सम्मान से नवाजा गया है। शो में प्रमुख भूमिका निभाने वालीं करिश्मा तन्ना को अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा (दहाड़) के साथ सर्वश्रेष्ठ महिला अदाकार (क्रिटिक्स) पुरस्कार प्रदान किया गया। विक्रमादित्य मोटवानी को उनकी सीरीज जुबली के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का और रणदीप झा को कोहरा के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक (क्रिटिक्स) का पुरस्कार दिया गया है। कोहरा में भूमिका निभाने के लिए अभिनेता सुविंदर विक्की को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का, वहीं बरुण सोबती को इस सीरीज में काम करने के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का खिताब प्रदान किया गया है। विजय वर्मा को दहाड़ के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता तो तिलोत्तमा शोम को दिल्ली क्राइम सीजन दो में निभाए किरदार के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के सम्मान से नवाजा गया है। सिर्फ एक बंदा काफी है को सर्वश्रेष्ठ वेब ऑरिजिनल, इसके मुख्य कलाकार मनोज बाजपेई को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का और अपूर्व सिंह कारकी को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार दिया गया है।


## कल हो न हो के 20 साल पूरे होने पर करण जौहर ने कहा, यह मेरे लिए भावनाओं से जुड़ा सफर है



फिल्म निर्माता करण जौहर ने मंगलवार को फिल्म कल हो न हो के 20 साल पूरे होने पर एक भावनात्मक पोस्ट लिखकर बताया कि कैसे उनके पिता यश जौहर ने अपनी अंतिम फिल्म का निर्माण किया था। करण ने फिल्म की कहानी और पटकथा लिखी थी जिसमें अभिनेता शाहरुख खान के साथ प्रीति जिंटा, सैफ अली खान और जया बच्चन जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में थे। करण ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा, अगर इतने वर्षों बाद में देखता हूं तो यह फिल्म न सिर्फ मेरे लिए, बल्कि हम सभी के लिए भावनाओं से जुड़ा एक शानदार सफर रही है। एक कहानी में इतने उम्दा कलाकारों को एक साथ लेकर आना वाकई दिल की धड़कने बढ़ाने वाला है। कल हो न हो के सभी कलाकारों और कैमरे के पीछे के हर एक शख्स ने पूरी मजबूती से काम किया और लोगों के दिलों पर राज किया। जौहर ने अपने पिता को याद करते हुए कहा, आज भी जब मैं फिल्म को देखता हूं तो हर फ्रेम में उनकी (यश जौहर) मौजूदगी को महसूस करता हूं। धन्यवाद पापा, हर एक उस चीज के लिए जिसने हमें रास्ता दिखाया, ऐसी कहानियों के लिए जो मायने रखती हैं और हमेशा सही के साथ खड़े रहने के लिए। मैं हमेशा आपको याद करूंगा। कल हो न हो 28 नवंबर 2003 को रिलीज हुई थी, जिसके साथ ही निखिल आडवाणी ने निर्देशन की दुनिया में कदम रखा था।

## हर कोने में सैम मानेकशा की कहानी पहुंचाना चाहते हैः विक्की कौशल

अभिनेता विक्की कौशल को उम्मीद है कि फिल्म सैम बहादुर में उनका निभाया पूर्व सेना प्रमुख सैम मानेकशा का किरदार लोगों को रास आएगा और उनकी फिल्म विरासत का हिस्सा बन जाएगा। फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार ने किया है जिन्होंने कौशल के साथ राजी भी बनाई थी। यह कौशल के अभिनय वाली दूसरी जीवनी आधारित फिल्म है। इससे पहले वह सुजीत सरकार की सरदार उधम में शीर्ष भूमिका निभा चुके हैं। उन्होंने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, हम हर घर, गांव, कस्बे, शहर और दुनिया के हर कोने तक पहुंचना चाहते हैं। हम सब इसके लिए तरसते हैं। लेकिन हम इसलिए काम करते हैं कि लोग इसे देखें, उन्हें ए पसंद आए और वे इसकी खुशी मनाएं। यह सबसे बड़ी प्रशंसा है। कौशल ने कहा कि बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की कमाई बड़ी बात है, लेकिन काम से लोगों का दिल जीतकर अदाकार का आत्मविश्वास बढ़ जाता है। सैम बहादुर में मानेकशा की पत्नी सिल्लू का किरदार सान्या मल्होत्रा और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार फातिमा सना शेख ने निभाया है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक शहनाज़ ने वंदना ऑफसेट प्रिंटर्स, ए-9, सराय पीपल थला एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110033 से मुद्रित कर कार्यालय डब्लू जेड-505/292, दूसरा तल, गली नंबर-1, श्रीनगर, शकूरबस्ती, दिल्ली-110034 से प्रकाशित। Title-Code:-DELHIN29057